भारतीयसमाजे प्रतिव्यक्तिजीवनस्य चतुर्णामाश्रमाणां व्यवस्था एकरसतापनोदनाय सरसतापादनाय स्वीकृतेति कालिदासोऽपि तद् गुणानाविर्भावयामास । ब्रह्मचर्यकाले व्यक्तिः प्रगल्भतां तेजस्वितामात्मन्यादधाति । सम्यग् विनीयानुमतो गृहाय गुरुणा स्नातकः सर्वोपकारक्षमं द्वितीयमाश्रमं (रघु. ५.१०) प्रविशति । वानप्रस्थाश्रमस्य माहात्म्यं कविराश्रमाणां पुनः पुनः वर्णनेनाभिदधाति । एतदर्थं स रघुवंशिन उदाहरति—

शैशवेऽभ्यस्तविद्यानां यौवने विषयैषिणाम् ।
वार्धके मुनिवृत्तीनां योगेनान्ते तनुत्यजाम् ।।रघु. १.८

प्राचीनभारते यदा युवकाः कुशला अभूवन्, वृद्धानां वनगमनमभीष्टमासीत् । ते केवलं परामर्शदातार एवातिष्ठन् ।

वृद्धाः सेवानिवृत्ताः स्युः, युवकाश्चाधिकारं प्राप्नुयुरिति स्पष्टं कालिदासस्य मतं प्रतीयते ।

18. कालिदास की असंगतियाँ

गिरीशचन्द्र शास्त्री, जाम जोधपुर (जामनगर)

उक्त विषयक शोधपत्र में अभिज्ञान शाकुन्तलम् में मुनि-कन्या शकुन्तला को दिव्यज्योति द्वारा उठाकर ले जाना, विदूषक का दुष्यन्त-शकुन्तला के प्रेम को जानते हुए भी व्यक्त न करना

तथा उसे मानो एतद्विषयक घटना की जानकारी ही नहीं है ऐसा दिखाते हुए उसे एक पूरे अंक में अलग रखकर कालिदास के द्वारा विदूषक का असंगत बचाव, शार्ङ्गरव और शारद्वत द्वारा कहे गये श्लोक का स्थान वैपरीत्य तथा वैसे ही कुछ और असंगत स्थलों का परिचय कराना आदि का विवेचन है ।

19. 'मेघदूत' से सम्बद्ध इतिहास एवं भूगोल

सुन्दरलाल त्रिपाठी, जगदलपुर

संख्यामय इतिहासज्ञों ने कवि कालिदास को पाटलिपुत्र के सम्राट् चन्द्रगुप्त द्वितीय विक्रमादित्य तथा उनकी कन्या वाकाटक राज्ञी प्रभावती गुप्त का समसामयिक प्रख्यापित किया है । उनका अवधारण है कि कालिदास ने राज्ञी प्रभावती गुप्त के राजकेन्द्र नन्दिवर्द्धन अथवा नन्दपुर में एक अवधि तक निवास किया था तथा उन्होंने राज्ञी के सहित उनके इष्टदेवता रामगिरिस्वामिन् के दर्शन किये थे । उक्त रामगिरि के परिदर्शन से ही वे उद्भावित हुए तथा उन्होंने उसे यक्ष के शाप-काल का अजस्थान स्थिर किया था । इतिहासज्ञों के एक दल ने निर्धारित किया है कि नन्दपुर अथवा नन्दिवर्द्धन नागपुर प्रदेशान्तर्गत है । उनके सिद्धान्त के अनुसार रामटेक ही रामगिरि है ।

इतिहास पर आधारित उक्त मत के प्रवर्तकों अथवा समर्थकों ने राष्ट्रकूट नृपति-कृष्ण तृतीय के ताम्रपट्ट का उल्लेख किया है, जिसमें नन्दिवर्द्धन के परिचय के रूप में 'नागपुर-नन्दिवर्द्धन' उत्कीर्ण है । उन्होंने रामटेक में स्थित रामचन्द्र यादव के शिलालेख का उदाहरण भी दिया है, जिसके अनुसार उक्त अवधि में उसका पर्याय सिन्दूरगिरि था । ताम्रपट्ट में उत्कीर्ण अक्षर क्षत-विक्षत हैं । प्रस्तुत प्रबन्ध-लेखक के अनुसार राजकेन्द्र-नन्दिवर्द्धन का परिचय नागपुर के प्राधान्य के सहित दिया नहीं जा सकता । वह अस्वाभाविक है । साथ ही नन्दिवर्द्धन की सीमा रेखाओं में स्थित स्थानवाची संज्ञाओं का उससे तालमेल नहीं है । इसी प्रकार रामचन्द्र यादव का शिलालेख प्रमाण के पक्ष में लघु-चञ्चल हो उठा है ।

द्वितीय एक दल है, जिसके अनुसार मध्यप्रदेशान्तर्गत सरगुजा मण्डल में स्थित रामगढ़ ही रामगिरि है । परन्तु प्रेक्षागृह तथा राम के प्रस्तरीभूत पदचिह्न मत-समर्थन के पक्ष में प्रामाणिक सिद्ध नहीं होते ।

प्रस्तुत शोधपत्र में लेखक ने निरूपित किया है कि उत्कलप्रदेशान्तर्गत रामगिरि ही कालिदास-वर्णित वास्तविक रामगिरि है । 'मेघदूत' का समस्त प्राकृतिक एवं भौगोलिक वर्णन रामगिरि के अनुरूप है । महाकाव्य में वर्णित भूगोल भी उसके ही सदृश है ।

20. कालिदासनाटकेषु पात्रादि-नामौचित्य-सुषमा

वि० वेङ्कटाचलम्, उज्जैन

शब्दब्रह्मरहस्यविदां महाकवीनां वाग्विवर्ते सहजेयमनुभूतिः सार्वजनीना सहृदयानां, यत् लोकोत्तरेषु तच्छब्दपरिस्पन्देषु प्रसङ्गे प्रसङ्गे, वाक्ये वाक्ये, पदे पदे, वर्णे वर्णे प्रतितिष्ठति काव्यतत्त्वमूर्धाभिषिक्तम् औचित्यसाम्राज्यमिति । इदमेव परमसूक्ष्मं काव्यरहस्यं समुद्घाटितम् आनन्दवर्धनाचार्यैः कविवचनयाथार्थ्यमखिलं करतलामलकवत् साक्षात्कुर्वद्भिः 'प्रसिद्धौचित्य-बन्धस्तु रसस्योपनिषत्परा', 'औचित्यं रससिद्धस्य स्थिरं काव्यस्य जीवितम्' इत्यादि ब्रुवद्भिः । काव्यजीवातोरस्यौचित्यतत्त्वस्य परः समन्वयोऽनुभूयते कालिदासकृतिषु इति नेदमविदितं ज्ञातकालिदासास्वादानां प्रेक्षावताम् । दृष्टिभेदमाश्रित्य चायं विषयो बहुधा पर्यालोचितोऽस्माभिः प्रसङ्गान्तरेषु ।

प्रबन्धेऽस्मिन् महाकविना नाटकेषु स्वप्रतिभाकल्पितानां नूतनानां पात्राणां वा, स्थानानां वा, इतरेषां वा वस्तूनां नामपरिकल्पने औचित्यरक्षा कथं व्यधायि इति परीक्षितुमुद्यम्यते । तत्रेमे अंशाः विचारपदवीमवतार्यन्ते——

(१) रूपकेषु प्रख्यातेतराणां कविप्रतिभाप्रसूतानां नूतनानां पात्राणां, स्थानादीनां वा नामकल्पने औचित्यरक्षाविषये नाट्यतत्त्वविदां भरतमुनिप्रभृतीनामभिमतम् । तत्र दिङ्मात्रम् यथा——

तल्लिङ्गार्थानि नामानि कार्याणि कविभिः सदा ।. . .
औत्पत्तिकानि यानि स्युरप्रख्यातानि नाटके ।।. . . .
शौर्योदात्तानि नामानि तथा शूरेषु योजयेत् ।
विजयार्थानि नामानि राजस्त्रीणां तु नित्यशः ।
गम्भीरार्थानि नामानि ह्युत्तमानां प्रयोजयेत् ।
यस्मान्नामानुसदृशं कर्म तेषां भविष्यति ।।
जातिचेष्टानुरूपाणि शेषाणामपि योजयेत् ।

शिङ्गभूपालीये रसार्णवसुधाकरे तु रूपकेषु पात्राणां नामकल्पनविषये सम्पूर्णः एकोऽध्यायः समुपलभ्यते ।

(२) सत्यामपीदृश्यां नाट्यमर्यादायां महाकविना कालिदासेन नामकल्पने ईदृशः औचित्यमार्गः समाश्रितो वा नवेति निश्चये तद्ग्रन्थेभ्यः एव प्रमाणान्वेषणम् । तत्र च मालविकाग्निमित्रगतं 'ध्रुवसिद्धिमपि **यथार्थनामानं** सिद्धिमन्तं नमन्यते' इत्यग्निमित्रवचनेन राजवैद्यस्य ध्रुवसिद्धिनामकल्पने, शाकुन्तलगतं 'अतः खलु त्वं प्रियंवदा' 'प्रियमपि तथ्यमाह प्रियंवदा' इत्यादि शकुन्तलादुष्यन्तयोर्वचनेन सखीनामकल्पने च कविना औचित्यदृष्टिरवश्यमवलम्बितैवेति प्रमाणोपन्यासः ।

(३) रूपकत्रयेऽपि प्रख्यातानां पात्राणां स्थानानां च पूर्वसिद्धानि नामानि विहाय यानि कविप्रतिभाकल्पितानि पात्रस्थाननामानि तेषामौचित्यसमालोचनम् ।

M—MĀLAVĪ AND HINDI LITERATURE AND CULTURE SECTION

1. INFLUENCE OF PERSIAN ON HINDI LANGUAGE AND LITERATURE

MOHAMMED AZAM, AHMEDNAGAR.

In conclusion it can be definitely said that both Hindi Language and Literature are influenced by Persian. The influence of Persian on Hindi Language and Literature can be seen in the following directions:

1. COMPOUNDS : In Hindi compounds are being formed in the Persian style, like-Shahe Alam; Sooba Gujarat; Shere Kashmir; Sadre Riyasat; Sitare Hind, Rustame Hind etc.

In this connection the Medieval Hindi Literature was also influenced by Persian. For example, we find in Jayasi Malik Mohmmed the following usages:—

Leek Pakhān; Kirin-Rawi. The poet Gang also uses—'Mukatā Gaj'

2. CLAUSES BEGINNING WITH JO: are clearly from the Persian tradition. For example,

"Jo soyā so khoyā, jo jaga so pāyā."

3. USE OF PLURAL FORM IN PLACE OF SINGULAR FOR THE SAKE OF RESPECT : This can be seen in connection with Pronouns and Verbs. For example, Kabir Kahate *hain*.

4. NO CHANGE IN THE USE OF ADJECTIVES : In Hindi Adjectives other than ending with Ā are not changed as per the number and gender of the subject. For example,

Sundar Ladkā, Sundar Ladkī, Sundar Kursi, Sundar Kamre.

It is also due to Persian influence.

5. COMPOUND VERBS : Most of the Hindi compound verbs formed by Nouns and Adjectives seem to be the translation of Persian compound verbs. For example: Khush Shudan=Khush Hona, Azad Kardan =Azad Karna, Qasam Khurdan=Qasam Khana, Tang Kardan=Tang Karna, Pairvi Kardan=Pairvi Karna.

6. ADVERBS ARE PRECEDED BY VERB : Like Persian, in Hindi too Adverbs come before verbs. For Example: Oo bitundi miguft=Wah jaldi jaldi bol rahā thā.

7. USE OF CONNECTIVE 'AUR': Like Persian, conjection "WA" is used in Hindi also. For example: Pidar wa madar=Bap aur man.

8. USE OF KI: Formation of sentences with the help of 'KI' is also Persian influence. For example,

Gooft *ki* khwaham raft=Usane kahā *ki* main jāungā.

9. Some of the POETICAL FORMS like Gazal (Geet), Rubai etc., are also due to Persian influence only.

2. गांधी दर्शन का अनन्य उद्‌गीथ : 'उन्मुक्त'

डॉ० वीरेन्द्रकुमार बड़सूवाला, नई दिल्ली

'उन्मुक्त' सियारामशरण गुप्त (सन् १८९५-१९६३ ई.) की अब से लगभग इक्तीस वर्ष पूर्व सन् १९४० में प्रकाशित एक प्रसिद्ध गीतिनाट्य रचना है। सियारामशरण गुप्त कृत 'उन्मुक्त' हिन्दी साहित्य की वह प्रथम रचना है, जिसे विशुद्ध युद्ध-काव्य की संज्ञा दी जा सकती है। युद्ध के प्रति गांधीजी की नीति क्या थी; सत्य, अहिंसा आदि बातों को काव्य-रूप में तथा वैज्ञानिक एवं प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करने का प्रथम श्रेय सियारामशरण गुप्त को ही है। जहाँ पश्चिमी साहित्य में युद्ध भावना या युद्धों को लेकर लिखने वाले कलाकार युद्ध से भयभीत और निराश हैं, वहाँ 'उन्मुक्त' के कवि को एक बहुत ही सबल आधार उपलब्ध है और वह है गांधीवाद का। हिन्दी-कवियों में गांधीजी के तत्त्व-चिन्तन की प्रत्यक्ष अभिव्यक्ति केवल सियारामशरण गुप्त के काव्य में मिलती है। गांधीवाद को दार्शनिक शब्दावली में आध्यात्मिक मानववाद कहा जा सकता है। इसके दो मूल आधार हैं—सत्य और अहिंसा।

सियारामशरण गुप्त ने अहिंसा-भाव की उपलब्धि की थी। अहिंसा-भाव की उपलब्धि का उपाय है अहंकार का पूर्ण उत्सर्ग। अहंकार का पूर्ण उत्सर्ग ही आत्मशुद्धि है। यह आत्मशुद्धि व्यक्ति-कल्याण का ही साधन नहीं है, लोक-कल्याण का भी साधन है। तप से केवल अपने पाप का, अपने हिंसा-द्वेष आदि का ही नाश नहीं होता, पाप मात्र का, हिंसा मात्र का नाश होता है। यही गांधीजी के 'हृदय-परिवर्तन-सिद्धान्त' का मूल रहस्य है।

विषाद के सार्वभौम साम्राज्य में सियारामशरण गुप्त की कविता का विकास हुआ। अतः उसमें करुण स्वर का प्राधान्य रहा। यह करुणा क्रमशः व्यष्टि से समष्टि तक व्यापक होती गई। "जिसे घृणा की गई उसी के लिए नमित है धरणी की वह सुमन-मंजरी मृदुलान्दोलित, स्नेह-सुरभि की लोल लहर ही है उत्तोलित इधर-उधर सब ओर"—घृणा के ऊपर स्नेह की यह विजय स्पष्ट शब्दों में गांधीवाद की घोषणा है, तो "हिंसानल से शान्त नहीं होता हिंसानल" और "हिंसा का है एक अहिंसा ही प्रत्युत्तर" में गांधीजी के सूत्रों का अविकल अनुवाद है। सियारामशरण गुप्त ने 'उन्मुक्त' में प्रत्यक्ष रूप से गांधीवाद के सिद्धान्तों की स्थापना की है, देखें—

(क) इस अविजय में बात आज यह हमने जानी—
प्रतिहिंसा में छिपा हुआ निज का अभिमानी

कोई हिंसक क्रूर स्वयं हम में बैठा था;
जो वैरी में वही हमारे में पैठा था ।

(ख) हार हमारी हुई, हेतु इसका है केवल,—
हममें कपट, असत्य, पाशविक हिंसा का बल
वैरी जितना न था ।

(ग) आज की इस अविजय में
अनुभव मैंने किया अटल अभिनव प्रत्यय में—
पौरुष है अविजेय ।

(उन्मुक्त' पञ्चमावृत्ति पृ. १६१-१६२, सं. २०२५)

पशुबल (हिंसा) के ताण्डव प्रधान वर्तमान युग में कवि ने 'लौहद्वीप' रूपी हिंस्र विश्व को 'कुसुमद्वीप' में परिणत करने का मोहक स्वप्न देखा । हिंसक को कायरसम आत्मसमर्पण सियारामशरण गुप्त को अभीष्ट नहीं । वे हिंसक शत्रु तक से सर्वथा निर्भय हो स्वयं सब कुछ झेलने में अपने पौरुष की सार्थकता मानते हैं । वे अहिंसक मरण का वरण करने के पक्षपाती हैं । उनका दृढ़ विश्वास है कि हिंसक भी निरा दानव ही नहीं है, अज्ञानदशावश उसमें उसका मानवत्व प्रसुप्त है । हिंसक के प्रति हिंसा के व्यवहार को वे ग्राम्य गुरु का-सा (अनाड़ी का-सा) व्यवहार मानते हैं । उनकी आत्मोन्नति की चरम सार्थकता रोष-रहित होकर सप्रेम स्वयं कष्ट सहनपूर्वक अपर (हिंसक शत्रु तक) का उन्नयन करने में निहित है । गांधी-चिन्तन के अहिंसावाद का 'आत्म-संशोधन' ही अमर सन्देश था, जिसे सियारामशरण गुप्त ने 'उन्मुक्त' में सहृदयों को देना चाहा है । यों तो गांधीदर्शन हमारा युगदर्शन है । परन्तु हिन्दी-काव्य में गांधीदर्शन की इतनी सहज और अनन्य अभिव्यक्ति किसी भी लेखक ने नहीं की । इसीलिए सियारामशरण गुप्त के 'उन्मुक्त' को गांधीदर्शन का अनन्य उद्‌गीथ कहा जा सकता है ।

3. साध्वी परम्परा की हिन्दी जैन कवयित्रियाँ

श्रीमती शान्ता भानावत, जयपुर

हिन्दी कवयित्रियों पर अब तक जो शोध कार्य हुआ है उसके द्वारा विभिन्न परम्पराओं और प्रवृत्तियों का प्रतिनिधित्व करने वाली कई कवयित्रियाँ हमारे सामने आई हैं । निर्गुण धारा की कवयित्रियों में दयाबाई, सहजोबाई तो प्रसिद्ध हैं ही, इनके अतिरिक्त रूपादे, उमाबाई, स्वरूपाबाई, गवरीबाई आदि के नाम विशेष उल्लेखनीय हैं । सगुण धारा की कवयित्रियों में कृष्णशाखा के अन्तर्गत मीराबाई, सोढ़ीनाथी, छत्रकुंवरीबाई, सम्मानबाई, सौभाग्यकुंवरी आदि कई कवयित्रियों के नाम हमारे सामने आते हैं । रामशाखा के अन्तर्गत प्रतापकुंवरी, रत्नकुंवरी और चन्द्रकलाबाई के नाम विशेष उल्लेखनीय हैं । पिंगल परम्परा की कवयित्रियों में झीमा चारणी, पद्मा चारणी, चम्पादे रानी, आदि प्रसिद्ध हैं ।

भारतीय धर्म परम्परा में साधुओं की तरह साध्वियों का भी विशेष योगदान रहा है । जैन धर्म भी इसका अपवाद नहीं । ऐतिहासिक परम्परा के रूप में हमें भगवान् महावीर के बाद के साधुओं की आचार्य परम्परा का तो पता चलता है पर उनकी साध्वियों की परम्परा

अंधकाराच्छन्न है । भगवान महावीर के समय में ३६००० साध्वियों का नेतृत्व करने वाली साध्वी चन्दनबाला का उल्लेख शास्त्रों में आता है । महावीर से ही तत्त्वचर्चा करने वाली जयन्ती का उल्लेख भी हमें मिलता है । यह तो निश्चित है कि साधुओं और श्रावकों के साथ-साथ साध्वियों और श्राविकाओं की भी अविच्छिन्न परम्परा रही है । इस परम्परा को खोज निकालना इतिहासज्ञों एवं साहित्यिकों के लिए एक महत्वपूर्ण कार्य है ।

संस्कृत, प्राकृत, अपभ्रंश, राजस्थानी, हिन्दी आदि भाषाओं के साहित्य-निर्माण में जैन साधुओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा है । इसके मूल्यांकन की ओर सब विद्वानों का ध्यान जाने लगा है । साधुओं के साथ-साथ जैन साध्वियों ने भी साहित्य के निर्माण और संरक्षण में महत्त्वपूर्ण योग दिया है । साध्वी परम्परा की इन कवयित्रियों की ओर अभी विद्वानों का ध्यान नहीं गया है । इस निबन्ध में इस धारा की निम्नलिखित कवयित्रियों का सामान्य परिचय दिया गया है—

कवयित्री-नाम	ग्रन्थ-नाम	रचना-काल
१. गुण समृद्धि महत्तरा	अंजणा सुंदरिचरियम्	सं. १४०७
२. विनयचूला	श्री हेमरत्नसूरि गुरु फागु	सं. १५१३ के लगभग
३. पद्मश्री	चारुदत्त चरित्र	सं. १५४० के लगभग
४. हेमश्री	कनकावती आख्यान	सं. १६४४
५. हेमसिद्धि	१. लावण्यसिद्धि पहुतणी गीतम्	सं. १६६२ से पूर्व
	२. सोमसिद्धि निर्वाण गीतम्	,,
६. विवेकसिद्धि	विमलसिद्धि गुरुणी गीतम्	सं. १६७० के लगभग
७. विद्यासिद्धि	गुरुणीगीतम्	सं. १६९९
८. हरकूबाई	महासतीजी श्री अमरुजी का चरित्र	सं. १८२०
९. हुलासाजी	क्षमा, तप के ऊपर स्तवन	सं. १८८७
१०. सरूपाबाई	पूज्य श्री मनजी की सज्झाय	सं. १९००
११. जड़ावजी	जैन स्तवनावली पद संग्रह	सं. १८९८ (जन्म संवत्)
१२. आर्या पार्वताजी	१. वृत्तमण्डली	सं. १९४०
	२. अजितसेन कुमार ढाल	,,
	३. सुमति चरित्र	सं. १९६१
	४. अरिदमन चौपई	सं. १९६१
१३. भूरसुन्दरी	१. भूरसुन्दरी जैन भजनोद्धार	सं. १९८०
	२. भूरसुन्दरी विवेक विलास	सं. १९८४
	३. भूरसुन्दरी बोध विनोद	सं. १९८४
	४. भूरसुन्दरी अध्यात्म बोध	सं. १९८५
	५. भूरसुन्दरी ज्ञान प्रकाश	सं. १९८६
	६. भूरसुन्दरी विद्या विलास	सं. १९८६
१४. रतनकुंवरजी	श्री रत्नचूड़ मणिचूड़ चरित्र	सं. १९९२

4. गोस्वामी तुलसीदास का तत्त्व-चिन्तन

डॉ. भगवत प्रसाद दुबे, दिल्ली

वस्तुतः गोस्वामी तुलसीदास दार्शनिक नहीं, अपितु भक्त कवि हैं। परन्तु उनके ग्रन्थों में दार्शनिक कथन इतनी अधिक मात्रा में प्राप्त हैं कि समीक्षक उन्हें किसी न किसी दार्शनिक मतवाद में बाँधने का लोभ संवरण नहीं कर पाते।

गोस्वामीजी उस अर्थ में दार्शनिक नहीं हैं जिस अर्थ में शंकर और रामानुज को समझा जाता है। रामानुज और वल्लभ की कोटि में भी वे नहीं आते क्योंकि उन्होंने 'प्रस्थानत्रयी' की तरह कोई भाष्य नहीं लिखा। ऐसी अवस्था में तुलसीदास का कोई स्वतन्त्र दार्शनिक सिद्धान्त रहा है, ऐसा मानना उपयुक्त नहीं कहा जा सकता।

तुलसीदास चैतन्य और कबीर की कोटि में भी नहीं आते क्योंकि उनके विचारों के आधार पर 'चैतन्य सम्प्रदाय' अथवा 'कबीर पंथ', जैसा सम्प्रदाय नहीं चला। विचारणीय है कि तुलसी की इतनी ख्याति और लोकप्रियता के बावजूद उनके विचारों के आधार पर कोई सम्प्रदाय विकसित क्यों नहीं हुआ ?

तुलसीदास के दार्शनिक विचार यदि उनके सम्पूर्ण दृष्टिकोण से सम्बद्ध करके देखे जायें तो उनके मत के एक विशेष अंश के ही रूप में ग्रहण किये जा सकते हैं। कहीं ऐसा प्रतीत होता है कि उन्होंने अपनी नैतिकता प्रधान काव्य दृष्टि को दार्शनिक पीठिका प्रदान की है और ऐसा भी लगता है कि उन्हें कुछ दार्शनिक सिद्धान्त विशेष रूप से मान्य थे जिनका प्रगटीकरण उन्होंने अपने काव्यों में स्थान-स्थान पर विभिन्न पात्रों के माध्यम से किया है। सबसे महत्त्वपूर्ण बात यह है कि दार्शनिक विचार तुलसीदासजी के लिए केवल शुष्क चिन्तन के विषय नहीं थे, अपितु उनकी अनुभूति को अनुप्रेरित भी करते थे और जीवन में कटु-तिक्त अनुभवों को सहन करने के लिए एक गम्भीर अन्तर्दृष्टि भी प्रदान करते थे। तुलसी ने अपने तत्त्व चिन्तन में साम्प्रदायिक दृष्टिकोण कभी भी नहीं अपनाया। उनका चिन्तन एक भक्त का आत्मचिन्तन अधिक है, वस्तुपरक विश्लेषणात्मक चिन्तन कम। तुलसी के समस्त दार्शनिक विचारों की उपयोगिता भी भक्ति की सिद्धियों के लिए प्रतीत होती है। अतः वे भक्त पहले हैं, दार्शनिक बाद में। यह अवश्य है कि वे अपने समय तक प्रचलित प्रायः सभी दार्शनिक विचारों से अवगत दिखाई पड़ते हैं। यही नहीं, उन्होंने उनके प्रति अपने जागरूक दृष्टिकोण को भी प्रस्तुत करने का पूरा प्रयत्न किया है।

'रामचरितमानस' के विभिन्न पात्रों के दार्शनिक कथन तुलसी के अपने दार्शनिक कथन नहीं कहे जा सकते। 'विनय पत्रिका' कवि की सीधी और सच्ची आत्माभिव्यक्ति है किन्तु इसमें यत्र-तत्र दार्शनिक सामग्री भी उपलब्ध होती है।

विभिन्न विद्वानों ने तुलसी के दार्शनिक विचारों का विवेचन करते हुए परस्पर विरोधी मत प्रकट किये हैं। कुछ विद्वान् नितान्त निश्चयात्मकता के साथ तुलसीदास को अद्वैतवादी घोषित करते हैं जबकि कुछ उनके वास्तविक मत को द्वैतवाद से भिन्न नहीं मानते। कुछ ने समन्वय करने की भी चेष्टा की है। प्रायः दृष्टिभेद को ही समन्वय का मुख्य आधार माना गया है।

तुलसीदासजी के दार्शनिक कथनों का आगमों और निगमों के कथनों से तुलनात्मक अध्ययन करने पर यह स्पष्ट हो जाता है कि उनके कथन के अनेक स्रोत हैं और 'नानापुराण-निगमागमसम्मतम्' यथार्थ और सार्थक कथन है। अतएव गोस्वामीजी का तत्त्व चिन्तन मत विशेष से आबद्ध न होकर अथवा शुष्क चिन्तन मात्र न होकर, एक भक्त का आत्मचिन्तन है।

M-5

5. अपभ्रंश और खड़ी बोली

डॉ. देवेन्द्रकुमार जैन, खण्डवा

यह एक स्वीकृत तथ्य है कि अन्य आ. भा. आ. भाषाओं और हिन्दी की बोलियों की तरह हिन्दी (खड़ी बोली) का विकास अपभ्रंश से हुआ। फिर भी अपभ्रंश से खड़ी बोली की विकास-प्रक्रिया का अध्ययन विशिष्ट सन्दर्भ में नहीं हो सका। मेरी स्थापना है कि खड़ी बोली का विकास अपभ्रंश के किसी स्थानीय रूप से न होकर उसके व्यापक-आधार से हुआ; और यह तभी सम्भव है कि जब 'कुरु' जनपद की बोली से उसे भिन्न माना जाय। 'खड़ी बोली' यह नाम प्रादेशिकता या क्षेत्रीयता के बजाय, उसकी प्रयोगशीलता का सूचक है। और क्षेत्रीयतासे प्रयोगशीलता, सदैव व्यापक होती है। खड़ी बोली का हिन्दी नाम भी उसके प्रयोग के व्यापक क्षेत्र का द्योतक है, इसी सार्वभौमिक तत्त्व के कारण वह राष्ट्र की सम्पर्क भाषा का उत्तरदायित्व रिक्थ में पा सकी। 'खड़ीबोली' की पहचान 'कौरवी हिन्दी' से कराने की प्रवृत्ति का 'मुख्य कारण' जार्ज ग्रियर्सन का वर्गीकरण है।

तुलनात्मक अध्ययन से स्पष्ट है कि 'खड़ी बोली' की 'रूप रचना' और 'आधार भूमि' प्रादेशिक अपभ्रंशों या उत्तरवर्ती रूपों की अपेक्षा 'परिनिष्ठित-अपभ्रंश' में अधिक सुरक्षित है। ये बातें १०वीं सदी के महान् अपभ्रंश कवि पुष्पदन्त के महापुराण में मिलती हैं। पुष्पदन्त का समय और साहित्य सुनिश्चित और प्रामाणिक है। उन्होंने प्राचीन राष्ट्रकूट वंश की राजधानी (आधुनिक हैदाबाद के निकट) में रहकर साहित्य की रचना की। अतः उनकी काव्य भाषा में तीन सौ वर्ष बाद वाली बोलियों की स्पष्ट प्रवृत्तियाँ मिलना ऐतिहासिक विरोधाभास माना जायगा—उदाहरण के लिए खड़ी बोली के 'आकारान्त-प्रकृति 'मेरी' 'तेरी' आदि सर्वनाम; का, के, की आदि परसर्गों; पूर्वरूप कृदन्त क्रिया के व्यापक प्रयोगों; 'भू' धातु के हुआ वाले रूपों को लिया जा सकता है। अतः खड़ी बोली का विकास किसी जनपदी बोली से न होकर एक व्यापक भाषा से हुआ। अतः उसे हेमचन्द्राचार्य द्वारा उद्धृत अवतरणों (भल्ला हुआ जो मारिया) में न खोजकर परिनिष्ठित अपभ्रंश में खोजना चाहिए। इससे यह भी सिद्ध है कि आ. भा. आर्य भाषाओं विशेषतः खड़ी बोली का विकास १३वीं सदी से न होकर, १०वीं सदी से पहिले प्रारम्भ हो चुका था। प्रसिद्ध भाषाविद् डॉ. सुनीतिकुमार चटर्जी ने एक जगह कहा है 'यह मालूम नहीं होता कि यह हिन्दी ठीक कौन-सी बोली है, यह ब्रजभाषा या पश्चात्कालीन हिन्दुस्तानी के समकालीन न होकर १३वीं शती में 'प्रचलित साहित्यिक अपभ्रंश' रही हो" (राजस्थानी भाषा) उनके इस कथन में बहुत कुछ ऐतिहासिक सत्यता है, परन्तु इसमें इतना और जोड़ना होगा कि १३वीं सदी की साहित्यिक अपभ्रंशें प्रायः प्रादेशिकता से आक्रान्त थीं। उस समय खड़ी बोली खड़ी होना सीख रही थी, उसके लिए साहित्यिक सजावट के दिन दूर थे; इस सम्बन्ध में विस्तृत और वैज्ञानिक अध्ययन के लिए यह बहुत जरूरी है कि खड़ी बोली का 'मूल स्वरूप' या व्यक्तित्व ढूँढ निकाला जाय; तभी उसका ऐतिहासिक विकास और प्रादेशिक स्थिति को सही अर्थ में पहचाना जा सकता है; अपनी सार्वभौमिकता के लिए कुछ बातें खड़ी बोली ने संस्कृत से भी ली हैं, जैसे—ह्रस्वादेश की प्रवृत्ति। अन्त में मुख्य निष्कर्ष इस प्रकार है :

१. खड़ी बोली और कौरवी हिन्दी एक नहीं हैं।

२. खड़ी बोली की विशेषताएँ १०वीं सदी की परिनिष्ठित अपभ्रंश में मिलती हैं।
३. खड़ी बोली का विकास अपभ्रंश के व्यापक आधार से हुआ।
४. खड़ी बोली ने संस्कृत से भी कुछ प्रवृत्तियाँ ग्रहण की।
५. खड़ी बोली के व्यक्तित्व निर्धारण और उसके विकास के अध्ययन की आवश्यकता है।

6. भक्तिकालीन हिन्दी काव्य में आध्यात्मिक प्रेम का पुनर्मूल्यांकन

श्रीमती पुष्पलता जैन, नागपुर

अभी तक हिन्दी साहित्य के अनेक समीक्षात्मक इतिहास प्रकाशित हो चुके हैं पर उनमें जैन साहित्य का आकलन लगभग नहीं के बराबर मिलता है। वहाँ आध्यात्मिक प्रेम का जो भी चित्रण किया गया है वह भी एकांगी-सा दिखता है। इस निबन्ध में हिन्दी जैन साहित्य में वर्णित आध्यात्मिक प्रेम के परिप्रेक्ष्य में समग्र भक्तिकालीन हिन्दी साहित्य का पुनर्मूल्यांकन प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है। हिन्दी जैन रूपक काव्य परम्परा भी बड़ी समृद्ध है, पर उसका उपयोग समूचे आध्यात्मिक प्रेम के चित्रण की दिशा में अभी तक अपर्याप्त दिखता है। प्रस्तुत निबन्ध में मैंने इसके आलेखन का भी प्रयत्न किया है।

7. मालवी लोकचित्र कला यंत्र एवं चित्र पूजा

ईशनारायण जोशी, भोपाल

भारत में जीवन को कलापूर्ण बनाने के सद्प्रयत्न सदा से किये जाते रहे हैं, इन्हीं प्रयासों के कारण कला भारतीय जीवन का एक अभिन्न अंग बन गई है। भारतीय कलात्मक जीवन का चित्र लोककला में सापेक्षतः अधिक स्पष्ट होता है। सृष्टि के प्रथम स्वर्णिम प्रभात में जब मनुष्य, मनुष्य के संसर्ग में आया होगा तो उसने एक दूसरे के श्रृंगार-रहन-सहन की अच्छाईयाँ ग्रहण की होंगी, इस प्रकार सीमित समूह में एक ही प्रकार की कला का जन्म हुआ होगा——यही लोक कला का जन्म काल था। ज्यों-ज्यों समाज बढ़ता गया लोक कला के क्षेत्र बढ़ने लगे और कला भी विकास पाने लगी। वह लोक की सम्पत्ति बन गई। उसकी जड़ों ने समाज के अन्दर पहुँच कर अपना स्थान बना लिया, क्योंकि उस कला में एक संगठित समाज की धार्मिक, आध्यात्मिक, मनोरंजनात्मक एवं प्रसाधनात्मक लोकाभिव्यक्ति साकार होने लगी थी, इसी लोकाभिव्यक्ति का एक प्रकार लोक चित्र कला है। इसके अन्तर्गत १–भित्ति चित्र, २–माँडने, ३–परम्परात्मक व्रत उत्सव एवं त्यौहारों से सम्बन्धित आकृतियाँ, ४–साँझी, ५–गोदना, ६–मेंहदी, ७–पशुओं का श्रृंगार, ८–कुम्हार की चित्र कला ९–वस्त्र छपाई, १०–आरती ११–गृह की रंगाई-फूल बेल एवं १२–राँगोली हैं। इन सभी आकृतियों के प्रति लोगों के मन में समृद्धि एवं मङ्गल कामना निहित है।

इन्हीं भित्ति चित्रों एवं भूमि पर बनाये जाने वाले माँडनों (चौकों) से प्रेरणा लेकर भारत के मनीषियों एवं अन्वेषकों ने यंत्र का निर्माण कर डाला। और इन चौकों में बनने वाली त्रिकोण, चतुष्कोण, षट्कोण एवं चक्र आदि सभी आकृतियाँ यंत्रों के लिए स्वीकार कर ली गई। और इस यंत्र निर्माण को एक शास्त्र का रूप दे दिया गया। माँडनों में कुछ चौक वे हैं जो बूँदों के चौक कहलाते हैं। केवल कुछ बूँदों को समान दूरी पर रखकर उन्हें परस्पर जोड़ दिया जाता है, ऐसा करने से एक सुन्दर आकृति उभर आती है। इसी बूँद या बिन्दु से यंत्र का जन्म होता है। जब यह बिन्दु त्रिधा विभक्त होता है तो एक त्रिकोण जन्म लेता है इसी प्रकार विकास क्रम से अनेक यंत्र बनते जाते हैं। लोककला में अशिक्षित व्यक्ति की मङ्गल कामना निहित थी ही, यंत्र कला शिक्षित व्यक्ति की श्रद्धा की अभिव्यक्ति बन गई।

इसी प्रकार लोक कला में पहले लोगों ने अपने निवास की भित्तियों पर चित्र बनाये, उनके प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की, उन्हें मूर्तियों का सम्मान दिया, उनकी पूजा की। वही चित्र जब कलापूर्ण बनकर सामने आये तो धर्मशास्त्रकारों ने उन्हें मूर्ति के समान पूजनीय घोषित किया और चित्रों की पूजा घरों और मन्दिरों में होने लगी। श्रीमद्भागवत् में चित्र पूजा के स्पष्ट आदेश मिलते हैं। परन्तु भगवान का पहला चित्र स्पष्ट है कि सर्वप्रथम भित्ति पर ही लोकचित्र कला में साकार हुआ होगा। फिर काष्ठ पट्ट पर, और फिर कागज पर, अतः हम कह सकते हैं कि लोकचित्र कला से ही यंत्र निर्माण व चित्र पूजा की प्रेरणा प्राप्त हुई होगी।

४. लोक गाथा का स्वरूप

डॉ० धर्मपाल मैनी, अमृतसर

लोकगाथा, लोक-कथा तथा लोक-कहानी शब्दों का प्रयोग विशेषज्ञों ने भी अलग-अलग अर्थों में किया है। धर्म-गाथा और लोक-गाथा को कथा साहित्य के अन्यान्य भेदों के रूप में स्वीकार किया गया है। मेक्समूलर का विचार है, कि धर्म-गाथा से लोक-गाथा विकसित हुई, लेकिन डॉ० सत्येन्द्र का मत है, कि लोक-गाथा का जन्म पहले हुआ है। दोनों मतों का विवेचन करने के बाद हम इस निष्कर्ष पर पहुँचते हैं, कि बहुत सी धर्म-गाथाओं से लोक-कथाएँ विकसित हुईं, लेकिन बहुत सी लोक-कथाएँ कुछ समय पश्चात् धार्मिक आधार पाकर लोक-गाथाओं में परिणत हो गईं।

डॉ० कृष्णदेव उपाध्याय धर्मगाथा को लोक-साहित्य का अङ्ग नहीं मानते, परन्तु डॉ० सत्येन्द्र मानते हैं। दोनों मतों का परीक्षण करने के बाद हमारा विचार है, कि विषय-वस्तु, शैली एवं अभिव्यक्ति के आधार पर कुछ धर्मगाथाएँ लोक साहित्य के अन्तर्गत अवश्य आती हैं, परन्तु बहुत-सी उसके क्षेत्र से बाहर भी रह जाती हैं।

अन्यान्य भारतीय एवं पाश्चात्य विद्वानों द्वारा प्रस्तुत लोक-गाथा के तत्त्वों एवं परिभाषाओं का विश्लेषण करने के पश्चात् हम इन शब्दों में उसे आबद्ध करना चाहेंगे—'लोक-गाथा कृत्रिम प्रसाधन-हीन, लोक जीवन से सम्बद्ध, वस्तुप्रधान, स्वाभाविक, सरस, मनोरंजक एवं जनप्रिय ऐसी गीतात्मक स्फूर्तिदायक एवं उत्साहवर्धक कथा है, जिसमें प्रायः स्थानीय सामाजिक व्यक्तित्व

उभरा हुआ होता है और वह मौखिक या लिखित परम्परा में थोड़ा बहुत रूप-परिवर्तन करती हुई भी इतिहास प्रसिद्ध हो जाती है।'

9. काव्यगत जीवन-भङ्गिमाओं का विश्लेषणात्मक अध्ययन

डॉ० गोपीवल्लभ नेमा, झाबुआ

काव्यभङ्गिमाएँ, भाव, विवेक और संकल्प के अनुरूप मनोवैज्ञानिक विशिष्टताएँ लिये रहती हैं। इनमें अभिधा की प्रधानता रहती है क्योंकि व्यक्तित्व की रेखाएँ ही इनकी सर्वस्व हैं। उदाहरण के लिए वैज्ञानिकता, दार्शनिकता, प्रेरकता, यथार्थवादिता और अतीतपरता। इनमें वस्तुस्थिति के अङ्कन की चेष्टा है।

काव्यगत जीवनभङ्गिमाओं का आधार--

जिस प्रकार एक परमात्मा अपनी कृति-जीव में बैठ कर कभी उसे विश्लेषण में, कभी स्वरूप दर्शन में, कभी समाजसेवा में, कभी दुःखसुख के अनुभव में और कभी नीति निर्धारण में प्रवृत्त करता है उसी प्रकार साहित्यकार भी अपनी कृति में इन भङ्गिमाओं को अपनी के रूचि अनुसार व्यक्त करता है।

सामाजिक दायित्व के अछूते स्थलों की ओर भी आधुनिक कवि ने विशेष दृष्टि डाली है और विश्व की समकालीन हलचलों को भी अभिव्यक्ति दी है।

हमारे प्राचीन साहित्य में उपद्रष्टा की भङ्गिमा बीज रूप में ही थी पर वह आज एक सघन वृक्ष के रूप में आ चुकी है।

१. उपद्रिष्टा भङ्गिमा--

श्री जे. एन. फिंडले ने तटस्थ विश्लेषण का बटलरियन अथवा स्मिथियन नाम से प्रतिपादन करते हुए उसको व्यावहारिक एवं सामाजिक मनुष्य के लिए अनिवार्य माना है। उन्होंने इसकी तीन विशेषताएँ बतलायी हैं--

(१) सामान्य नियमों के प्रति अनुकूलता,

(२) तात्त्विक विचारणा एवं तथ्यों के निर्णय की क्षमता और

(३) तटस्थ भूमिका।

एक उदाहरण इसे स्पष्ट कर सकेगा--

सत्य का कुछ रूप यों ही है
कि अकलुष रिक्तता में हाथ आता है -- जगदीश गुप्त।

व्यक्तिगत जीवन की भांति युगजीवन का भी तटस्थ विश्लेषण इसके अन्तर्गत आता है। वैसे विश्लेषण तो इतिहास में भी होता है परन्तु काव्य में विश्लेषण के साथ विवेक और संकल्प भी अन्तर्भूत रहते हैं।

२. आत्मस्थ भङ्गिमा:---

अनुभव की इस परम्परा में सन्त काव्य आता है। यह अनुभव अतीन्द्रिय कहा गया है। परन्तु नवमर्मी काव्य का स्वर विश्वमानस का माध्यम स्वीकार करता है क्योंकि पारमार्थिक जीवन संसार में दिव्यता प्रसारित करता है। उसका यह विवेक साधारण विवेक से भिन्न होता हुआ भी शुद्ध मानवीय है।

आज यह दिव्य सम्बन्ध एक निश्चित परिपाटी में पल्लवित होता दिखाई नहीं देता। फिर भी सम्बन्ध की अनुभूति के क्षणों में सावयव परम शक्ति की जो सत्ता भक्तों के काव्य में झलकती रही है वह यहाँ भी देखी जा सकती है।

३. भर्ता भङ्गिमा:—

इसमें व्यक्त जीवनानुभूति कोरे तथ्य निर्देश पर आधारित नहीं होती वह तो स्वयं जीवनशक्ति की क्रियाशीलता पर आधारित होती है।

इसमें निश्चित संकल्पों से युक्त विवेक और समगतिशील भावनाओं का सौन्दर्य है। विवेक से भावी का वरण और भावनाओं से वर्तमान का वहन सुकर हो जाता है।

जैसे—धरती के विकासी द्वन्द्व क्रम में एक मेरा छटपटाता वृक्ष,
स्नेहाश्लेष या संगर कहीं भी हो —मुक्तिबोध

४. भोक्ता भङ्गिमा:—

कवि संसार के व्यवहार की समीक्षा कर प्रतिक्रिया रूप में इसे प्रगट करता है। इस प्रतिक्रिया में विवेक एवं संकल्प भी सम्मिलित रहते हैं। इसकी मुख्य विशेषताएँ इस प्रकार हैं—

काल विशेष से निजता—

भोक्ता के लिए अतीत, स्मृतियों का, वर्तमान, विद्रोहों का, और भविष्य, स्वप्नों का वाहक बनकर आता है। ये स्मृतियाँ, ये विद्रोह और ये स्वप्न प्रतिक्रियाओं का अनन्त वृत्त बनाते हुए काव्य में संकेत रूप में अभिव्यक्त हो पाते हैं।

कल्पक प्रवृत्ति और वायवीयता—

कल्पक प्रवृत्ति तथा आवेग की तीव्रता के कारण भोक्ता के संकल्प वायवीय होते हैं। इस एकांगिता के होते हुए भी इन संकल्पों में कर्म के बीज रहते हैं। क्योंकि इनके द्वारा आनन्द, नवचेतना और नवनिर्माण के आदर्श प्राप्त होते हैं।

५. अनुमन्ता भङ्गिमा:—

काव्य की सृजनात्मकता व्यावहारिक जीवन के विकास के संकेत भी प्रदान करती है। काव्यगत सार्वजनीन सत्य, व्यक्ति और समाज की समंजसित अभिव्यक्ति ही है। अनुमन्ता भङ्गिमा में इस सत्य की पूर्ण प्रतिष्ठा है। इस प्रत्यक्ष स्वरूप के अतिरिक्त इसका अप्रत्यक्ष स्वरूप व्यंग काव्य में मिलता है। आधुनिक कविता इस विषय में पूर्व की अपेक्षा अधिक समृद्ध है। इससे पता चलता है कि हमारे भटके संकल्प, भटके विचार और भटके भाव आज की सबसे बड़ी व्याधियाँ हैं।

निष्कर्ष—

१. ऐसे काव्य के प्रभावों में निसंगता, व्यावहारिकता, विवशता, भावुकता, भाव-विनिमयशीलता, जड़ता, दृढ़ता, स्थिरता, और निर्वैयक्तिकता की गणना है।

२. प्रत्येक भंगिमा अपनी आधारभूत सामग्री के रूप में संसार की एक स्थिति को लेती है और प्रतिक्रियारूप में अभिव्यक्त होती है।

३. एक कविता में एक से अधिक भंगिमाएँ रह सकती है।

४. और कवि की समस्त काव्य रचनाओं के आधार पर उसके काव्य की प्रमुख भंगिमा का निर्णय किया जा सकता है।

10. रामचरितमानस में हास्य-व्यंग्य का सामाजिक आशय

डॉ० प्रेमशंकर, सागर

तुलसीदास के सम्यक् अध्ययन के लिए मध्यकालीन भारतीय समाज की पृष्ठभूमि को समझना आवश्यक है। क्योंकि तुलसी अपनी समस्त भक्ति-भावना के बावजूद सामाजिक आशय के कवि हैं। हास्य और व्यंग्य के प्रसंगों पर दृष्टि डालने से कवि की सामाजिकता बहुत स्पष्ट हो जाती है। शिवजी की विचित्र बारात, नारद की मोहबद्धता, धनुषयज्ञ, भरत-कैकेयी-संवाद, शूर्पणखा की कथा, हनुमान-रावण तथा अंगद-रावण-संवाद आदि अनेक ऐसे प्रसंग हैं, जहाँ तुलसी ने हास्य-व्यंग्य के माध्यम से गहरे सामाजिक आशय व्यंजित किये हैं। उनके लिए हास्य मनोरंजन का सामन्ती साधन न होकर, अनीतियों पर प्रहार का माध्यम है, और इस दृष्टि से वे क्रान्ति, विद्रोह जैसी भावनाओं के समर्थक हैं। तुलसी हास्य-व्यंग्य को इतनी गंभीरता से लेते हैं कि राम को भी उसमें सम्मिलित कर लेते हैं। सीता-हरण के उपरान्त शोकमग्न राम लक्ष्मण से कहते हैं:

हमहि देखि मृग निकट पराहीं। मृगी कहहिं तुम कहं भय नाहीं।
तुम्ह आनन्द करहु मृग जाए। कंचन-मृग खोजन ए आए।

रामचरितमानस के हास्य-व्यंग्य के मूल में तुलसी के महत् सामाजिक आशय के विश्लेषण से कई भ्रांतियाँ टूटती हैं....।

11. हिन्दी तथा मराठी संत-कविता पर नाथपंथ का प्रभाव

एस० एस० राजवाड़े, पणजी (गोआ)

नाथपंथ के प्रभाव के कारण मध्ययुग में संत काव्य की निर्मिति हो सकी। मैंने केवल उत्तर भारतीय संत-कविता तथा महाराष्ट्रीय संत कविता पर नाथपंथ का--शब्दावली, विचार तथा दर्शन के क्षेत्र में क्या प्रभाव पड़ा इसे स्पष्ट करने का प्रयास किया है।

मेरा मन्तव्य है कि नाथपंथ का प्रभाव महाराष्ट्र तथा उत्तर भारत के संत काव्य पर पर्याप्त परिमाण में पड़ा है। वह विचारों, दर्शन तथा शब्दावली के रूप में दिखाई देता है। यह प्रभाव गोरखनाथ का है।

चर्चा के लिए मैंने उत्तर भारत के कबीर, नानक तथा मीरा और महाराष्ट्र के चक्रधर, ज्ञानेश्वर, एकनाथ तथा समर्थ रामदास की कविता से उदाहरण देकर अपनी बात को स्पष्ट करने का प्रयास किया है।

12. तुलसी का सुलभ भक्ति मार्ग और दुर्लभ भक्ति तत्त्व—एक विश्लेषण

डॉ० देवकीनन्दन श्रीवास्तव, लखनऊ

हृदय की रागात्मिका वृत्ति और मन के संकल्प-विकल्प के प्रवाह को ईश्वरोन्मुख करने में साधनरूपा होने के कारण 'भक्ति' एक सहज सुलभ मार्ग है और साथ ही परात्पर के प्रति परमप्रेमस्वरूपा होने से एक परम दुर्लभ प्राप्य तत्त्व भी। एक ओर वह भवसन्तरण का सर्वथा निरापद उपाय है एवं दूसरी ओर जीव का चरम पुरुषार्थ भी। भक्ति मार्ग पर चलने की चर्चा तो प्राणियों के लिए बड़ी सुगम है पर भक्तितत्त्व की उपलब्धि के लिए सक्रिय रूप से अग्रसर होना उतना ही कठिन है। भक्ति मार्ग के पथिक तो कितने ही बन जाते हैं पर भक्ति-तत्व को हृदयंगम करके उसकी चरम सिद्धि अनेक जन्मों की अर्जित उपासना के अनन्तर भी विरले भक्त को ही केवल भगवान की अहैतुकी कृपा के बल पर सम्भव है। यही कारण है कि भक्ति शास्त्र में भक्ति मार्ग के अनेक विधान और सोपान मानवीय रागवृत्ति के वैविध्य एवं वैचित्र्य के अनुरूप चर्चित हैं पर भक्ति तत्त्व एक अनिर्वचनीय परम दुर्लभ वरणीय उपलब्धि के रूप में वर्णित है। यह वह तत्त्व है जिसकी याचना करते मुनि, देवता और सिद्ध ही नहीं साक्षात् वेद भी कभी नहीं थकते। अनेक सिद्धियों के अनन्तर भी इस भक्ति-तत्त्व की सिद्धि मानों भक्त की निरन्तर बढ़ती हुई अतृप्ति की भाव-भूमि पर उत्तरोत्तर अपूर्ण ही बनी रहती है।——परम-प्रेमस्वरूपा भक्ति की चरम उदात्त एषणा भक्त की नित्य दुर्लभ निधि है। यही वह 'भक्ति' है जिसके समादर के अभाव में ज्ञान-मान-विनत साधक देव दुर्लभ पद पाकर भी उससे च्युत हो जाते हैं और इसी में वह परमानन्दमय चिन्मयता है जिसके कारण नैष्ठिक भक्त 'मुनि' का निरादर करते हुए 'भक्ति' में लुब्ध रहते हैं।

13. मालवा के दो अप्रसिद्ध ब्रजभाषा कवि

वि० वाकणकर, उज्जैन

भारती कला भवन उज्जयिनी के संग्रहालय में कई अप्रसिद्ध हस्तलिखित ग्रन्थ हैं। उन्हीं के साथ-साथ स्फुट काव्यों का भी एक अच्छा संग्रह है। महाराष्ट्र के जालवण नामक स्थान से सम्बन्धित एक परिवार के श्री विश्वासराव भाऊ जालवणकर (रत्न पारखी) गत शताब्दी के प्रारम्भ में मालवा आये। यहाँ धार, इन्दौर, ग्वालियर राज्यों के राजाओं के पास कुछ समय रहे। उन्होंने हिन्दी में अनेक स्फुट काव्य लिखे हैं। उनके पौत्र मुकुन्दराव रत्नपारखी होल्कर राज्य में कमाविसदार थे। इन्होंने निमाड़ी-हिन्दी ऐसी मिश्र भाषा में भक्त सिंगाजी नाटक लिखा एवं कसरावद से प्रकाशित करवाया। इन्होंने कृष्ण भक्ति पर काव्यों की रचना की। यह निबन्ध उन पर बृहत् रूप से प्रकाश डालता है।

PB—PALI AND BUDDHISM SECTION

1. BUDDHIST EDUCATION

ANUKUL CHANDRA BANERJEE, CALCUTTA

In this paper, an attempt has been made to give a fair idea of the system of education prevalent in Buddhist India of those days. It has been shown that the Buddhist system of education differs in some respect from the Brahmanical one which is the most ancient and has been in vogue even today since the Vedic age. The Buddhist monasteries were the centres of learning, and teaching was imparted to a collective body of pupils. Both religious and secular subjects were taught by the monks therein. It was the monk who carried on all the educational activities in those days. In fact, they were really the only custodians and torch-bearers of learning. Apart from the Buddhist monasteries, there were practically no well-organised educational institutions wherein education was regularly imparted in those olden times. The history of the Buddhist system of education is really the history of the Buddhist Saṅgha.

The monasteries which came into existence first for the spiritual training of the monks gradually changed into centres of learning. Later on, they turned into big Universities to which flocked students from far and near to gather knowledge on different subjects. Many distinguished scholars from distant foreign countries used to come there to get the benefit of instruction and to remove their doubts on points of religion. Of them the University of Nālandā attracts our attention most. It accommodated ten thousand pupils and one hundred scholars to teach them. During this period there were other Universities like Valabhi, Vikramaśila, Jagadatal, Odantapuri' and the like which deserve mention here. This shows the vastness of cultural activities carried on in the domain of education by the monks in the monasteries.

2. *KHANTI*: *KĀNTI*: *KṢĀNTI*

P. V. BAPAT, POONA

(1) The Pāli word *khanti* is used in two different senses: (A) liking, mental inclination, disposition, tendency; and (B) forbearance, patience, endurance. The second sense is applicable to *khanti* when it is one of the Pāramitās, or when it refers to enduring inclemencies of weather. In other cases, usually the first sense is applicable.

(2) *Alagaddūpama-sutta* (M. sutta No. 22) and *Caṅkī-sutta* (M. sutta No. 95) are important to decide the sense and place of *khanti* in the mental process of understanding. They put *khanti* between comprehension of meaning (*attha-upaparīkkhā*) and *chanda* (intense liking). Its sense is inclination, tendency, kindly disposition, liking etc. as Pāli commentaries explain it as *diṭṭhi*, *ruci*, *mati* etc.

(3) Buddhist Sanskrit texts also have the cliché: *dṛṣṭi*, *kṣānti*, *ruci mati*, *prekṣā*. *Bodhisattva-bhūmi* (Dutt's ed. p. 33) actually uses the word *kānti* for the Pāli word *khanti* in a corresponding stanza of the *Suttanipāta* 897.

(4) This paper examines the use of the corresponding Sanskrit word *kṣānti* (non-Pāramitā *kṣānti*) in Buddhist Sanskrit texts on Abhidharma and Gaudapāda's Kārikā (iv. 92) and Chinese translations of *Kāśyapa-parivarta* and tries to prove that it does not mean forbearance, patience, endurance as commonly understood, but it means tendency, disposition, liking, as is proved by *Abhidharma-dīpa*, which actually uses the word *ruci* in the place of *kṣānti* of *Abhidharma-kośa*. Buddhist commentaries also explain the word *kṣamate* as *rocate*. Incidentally, the use of *kṣama*, *Kṣāmana*, *kṣāmate*, *kṣāntam* is also examined.

(5) The paper concludes that this traditional explanation of *khanti* or *kṣānti* was gradually forgotten and so later Chinese translators used only one common word *jên* indiscriminately which led to the use of 'forbearance, patience, endurance' by some modern scholars, though some of them were quite aware of the inaccuracy of these words.

3. LEGACIES OF BUDDHISM IN BENGAL

DIPAK KUMAR BARUA, CALCUTTA

The legacies of Buddhism in Bengal which consist of two politico-geographical units, namely, West Bengal and East Bengal or Bāṅglā Desh, are to be found in the Bengali language and literature. From the proverbs of the peasant villages to the formal language of the intelligentsia, words of the Buddhist origin are found in common use by people. As regards the literary heritage of Buddhism in Bengal, it is found that the Buddhist manuscripts of the forty-seven *Caryāpadas*, composed by twenty-two poets, of between A. C. 950 and 1200, in Old Bengali, represent the oldest specimens of Bengali. Besides, some religious features, popular notions of Karman and of the after-life, gods of folk religion, festivals, symbols and observances suggest their Buddhist origin. Likewise fine arts, lesser arts, musical genres and conventions in times past have become enriched by borrowings from Buddhism. Again there has been a very subtle influence from Tantric Buddhism upon Brahmanism of Bengal in the rather exaggerated importance

of the guru from whom Tantric initiation is obtained. Another significant legacy of Buddhism in Bengal is the characteristic conception of bhakti or devotion which has paved the way for Caitanya. So also the present Ratha-yātrā or the Car Festival of Bengal has probably a connection with a similar festival of the Buddhist. We also notice the traces of Buddhism in some personal names, surnames and place-names of modern Bengal. In fact, if, in the years to come, we look for the legacies of Buddhism in Bengal, we shall perhaps find it still in literature and language, in drama and arts, in social behaviour and personal qualities.

4. ANCIENT LIBRARIES OF BUDDHIST MONASTERIES

PULIN BARUA, BURDWAN

In Ancient India, libraries in the modern sense of the term were not in existence nor developed. However, in Vedic age the Āśramas (hermitages) or Gurugṛhas and in Buddhist period the Maṭhas or Monasteries existed and libraries in the past developed around and were associated with temples, monasteries and seats of learning. Though the library did not exist in ancient India, yet there were Bhanḍāras attached to the Āśramas or Gurugṛhas and monasteries in which were deposited the rare and valuable collections of manuscripts. These "Bhanḍāras" may be closest parallels to the modern academic libraries.

In this connection, we may mention here Taxila or Takkhasila—a great seat of learning which was famous for its scholastic activities. So it may be presumed that Taxila possessed a great library with collections of manuscripts. But no record as to its library has yet been available to us.

In medieval India, we noticed that religious institutions flourished and temples and monasteries occupied a significant place in the country. But libraries in the modern sense of the term, but not in the modern sense of course, were developed mostly during the Buddhist period. Fa-Hien, the Chinese scholar mentioned the Jetavana monastery in his accounts which was famous for its magnificent library. From the itineraries of Fa-Hien and Hiuen-Tsang, we are also apprised of the various monasteries or vihāras in East India and as well as in western and southern part of India. These monasteries or vihāras were famous as centres of learning and were also equipped with grand and magnificent libraries.

But the Library of Nālandā Mahāvihāra was the most fully developed and well-organised which acquired a lasting fame for centuries. The area in which the magnificent library was situated was known as Dharmagañja or Piety Mart. It comprised of three grand buildings known as Ratnasāgara, Ratnadadhi and Ratnarañjaka. But this splendid library was destroyed by the Muslims at the end of the 12th century.

Besides the Nālandā Monastery, there were other famous monasteries in Ancient India, viz., Vikramaśila, Odantapurī, Somapura Mahāvihāra, Jagaddala and Maitraka monasteries at Valabhi, which were endowed with rich extensive library of Buddhists and Brahmanical works. These monastic libraries were well-explored and fully utilised by many teachers and scholars at that time and enjoyed their reputation all over ancient India and even regions beyond.

5. EPIC PERSONALITIES IN THE PĀLI JĀTAKAS

DR. ASIM KUMAR CHATTERJEE, CALCUTTA

According to Dr. Chatterjee a good many epic characters appear in the Pāli Jātakas, most of which were compiled before the beginning of the Christian era. The *Daśaratha Jātaka* (No. 461) is more or less a faithful *resume* of the Second Book of the *Rāmāyaṇa*. The machinations of the mother of Bharata, the banishment of Rāma, Bharata's attempts to bring back the banished prince, and finally the incident of the 'slippers' all show how deeply familiar, the writer of the *Daśaratha Jātaka* was, with the Second Book of the *Rāmāyaṇa*. The last verse in that Jātaka, giving the reign-period of Rāma, is based on a verse found in the Sixth Book (125.107) of the *Rāmāyaṇa*. According to Dr. Chatterjee there is nothing in the verse-section of the *Daśaratha Jātaka* to show that Rāma, Lakṣmaṇa and Sītā were brothers and sister. A verse found in another Jātaka (No. 547), clearly and in unequivocal terms, represent Sītā as the wife of Rāma. The spirit of that verse agrees very closely with the spirit of the *Rāmāyaṇa*. Dr. Chatterjee also gives a few other names of the *Rāmāyaṇa* which appear in the various Jātakas.

The *Mahābhārata* has exercised a more direct influence on the Jātaka writers. They not only know almost all the principal epic characters but also show their acquiantance with a number of *ślokas* of the *Māhābhārata*. The portrayal of the great epic heroine Kṛṣṇā as a mischievous harlot, is an unpardonable offence on the part of the Pāli writer. The figures of Vidura and Yudhiṣṭhira, however, remain unmaimed in the Jātakas. Yudhiṣṭhira's epithet *dhammakāmo* found in the Jātaka (No. 413) is in conformity with the description of his character in the *Mahābhārata*. Vāsudeva Kṛṣṇa and many of his associates are prominently mentioned. Even some of the superhuman deeds ascribed to Kṛṣṇa in later devotional literature are referred to in the various Jātakas. Some of the details regarding Kṛṣṇa's achievements found in the *Harivaṁśa* have been copied by the Jātaka writer. The *Ghaṭa Jātaka*, shows that the Jātaka writer was not only acquainted with the Mausalaparvan but also with some particular chapters of the *Harivaṁśa*.

The description of the wrestling-bout and the arena as given in the *Ghaṭa Jātaka* reminds one of the similar description found in the *Harivaṁśa* (II. 29 f). The story of the destruction of the Vṛṣṇis, as given in the same Jātaka, is almost similar to that given in the 16th Book of the *Mahābhārata* and the *Viṣṇu Purāṇa* (V. 37). The only point of difference is that in the Jātakas (Nos, 454 and 530) Kaṇhadīpāyana (i.e. Kṛṣṇadvaipāyana) is pictured as the Ṛṣi who cursed the Andhakaveṇhus (i. e. the Vṛṣṇis). This tradition is also followed by Kauṭilya (I. 6). But in the *Mahābhārata* three seers named Viśvāmitra, Kaṇva and Nārada are described as having cursed the Vṛṣṇis. The name of Kṛṣṇa's killer is the same in both the Jātakas and the *Mahābhārata*. Among the wives of Vāsudeva Kṛṣṇa, only Jāmbavatī is mentioned by name (No. 546). The story of sage Ṛṣyaśṛṅga (No. 526) is the most glaring example of the Jātaka poet's indebtedness to the *Mahābhārata*. Some of the Jātaka Nos. 523 and 526 are actually found in the *Mahābhārata*. Some other prominent epic characters like Janaka, Sagara, Bhagīratha, Kārtavīrya Arjuna are also mentioned frequently in the Jātakas. A more exhaustive study of the subject will throw greater light on the problems raised by him.

6. A CRITICAL SURVEY OF THE EARLY VINAYA ACCOUNT OF THE BUDDHIST COUNCIL AT RĀJAGAHA

DR. ASHA DAS, CALCUTTA

In this paper, an attempt is made to make a critical study of the account of the First Buddhist Council on the basis of the Cullavagga and other Post-canonical Pāli texts. The following points have been discussed fully in the paper:—

(a) The motive and purpose of convening the Council.
(b) The site.
(c) Royal patronage.
(d) The members of the Council.
(e) Proceedings of the Council.
(f) Charges against Ānanda.
(g) Texts recited.
(h) Penalty of Brahmadaṇḍa.
(i) Purāṇa of Dakkhiṇagiri.
(j) Udena episode.

7. BUDDHISM IN TRIPURA

DR. RABINDRANATH DAS, AGARTALA (TRIPURA)

Tripura is a hilly State comprising an area of 4,116 Sq. miles where we find many kinds of hilly tribes residing side by side from a distant past. It is quite evident that the percentage of Tribes will not exceed 28% of the total population of the land. This meagre number of the tribes is divided a least into 17 categories, viz., (1) Tripura, (2) Reang, (3) Garo, (4) Hallam, (5) Jamathia, (6) Noatia, (7) Khashi, (8) Kuki, (9) L-ushai, (10) Maghi, (11) Chakma, (12) Saimar, (13) Butai, (14) Bhil, (15) Kaur, (16) Lepeha and (17) Santal. The tribal people are to dwell in the cosy corner of the frisky forest. Nature seems to have been munificent in her immense gifts to the State.

The tribal people belonging to the Maghi, Chakma, Hallam, Tripura and Reang are to form the majority of Buddhist population. It is seen that the tribal people normally embraced three principal religions (i.e. Hinduism, Christianity and Buddhism). Here Buddhism occupies the second position in respect of tribal persons professing it.

His Highness Maharaja Manikya Bahadur of the then Tripura has set up a Vihāra or monastery at Kunjaban in the vicinity of Agartala town for the well-being of the Buddhists of Tripura. The sculptural representation of the monastry, probably reminds us of the temple sculpture of the Indian Gupta type. Thenceforward, it has become a Centre of attraction and a place of Buddhist pilgrimage. It enshrined the image of the Buddha.

The Ūṇakotti Hill of Kailāsahar Division has several rock-cut images of innumerable gods and goddesses of India. In analysing the introduction of immense number of images we may say that they may by the Bodhisattva figures in the guise of Ūṇakottīśvara in the lap of the said holy hill. It requires, intense research work to test the veracity of their originality and historicity.

This will not be out of place to mention here that the Ramthakur College, Agartala has been playing an important part for promotion of Buddhistic Lore in Tripura. Moreover, it is worth mentioning here that this is the only College in Tripura which teaches Pali upto the Degree level.

8. EXEGETICAL AND ETYMOLOGICAL NOTES ON A FEW PĀLI WORDS

M. G. DHADPHALE, POONA

The Paper proposes a discussion of certain Pāli words in their etymological and exegetical aspects.

1. *Vekurañjā* (M. ii. 153). This occurs in the famous Assalayāna-Sutta. The word is very obscure as to its origin. Neumann suggests the reading as Vekuranvāya=Vaikriyānvayāya. I. B. Horner (Middle Length Sayings. II. 346) translates it as 'because of its crossed birth'; as a free-rendering of the term this is quite fair. I propose to translate it more literally as 'because of its being a *bi-kin*', suggesting its derivation from Sk. dvaikulajanya=one born in two families. This, properly suits the context which speaks of the birth of a mule (assatara, cf. DhA IV. 4=Vaḷavāya gardabhena jāta). The life-story of the monk Bākula also confirms the proposed derivation. It is also notable that the Vedic Lit. (Taittirīya Saṁhitā vii, I, 1, 2, 3; Pañcaviṁśa-Brāhmaṇa vi. 1.6; Jaiminīya-Brāhmaṇa i. 57.4) in allusion to the biological fact that a mule is a hybrid of the asinine and equine species, chooses to refer to it as 'dvi-retas' (=an offspring receiving double seed).

2. *Two cases of Apherisis not properly understood* (a) *Bhujissa* (freedom from slavery), (b) *Sithila* (Dh. 346). In both these cases the initial vowel 'a' is actually lost. The original forms are, really 'abhujissa' and asithila'.

3. *Aṭṭhikatvā.* This word which occurs almost always coupled with manasikatvā is explained by PTSD (q.v.) as being an equivalent to atthikatvā derived from Sk. arthīkṛtvā (=arthīkṛtya) and hence meaning 'to make something one's attha i.e. object'. The commentaries suggest a derivation from Sk. astikatvāt abl. sing. of the abstr. n. astikatva (=the attitude of a believer). Taken independently, this may well suit the context and yield a good meaning. The tenor of the passage, especially, its almost invariable coupling with manasikatvā, however does not favour its interpretation as a form of abstr.n. I suggest the derivation from the Sk. āsthā (regard, respect). The gerundal form of the denominative from āsthā would be aṭṭhikatva (=having paid regard to).

4. *Paḷibodho*—This word which means a 'hindrance' comes from the Sk. 'pratibandha' which literally signifies 'interception'.

5. *Tiracchānakathā.* To translate this merely as 'animal talks' (q. v. PTSD) is to miss its real implication. Here the word tiracchāna is used in its etymological sense, i.e. a stray animal. The proper translation, therefore, should be stray (animal) talks i.e. talks which go astray.

9. MĀRA AS DEPICTED IN EARLY INDIAN LITERATURE

DR. R. P. DUBEY, VARANASI

Māra's eminence, in the literature, is unquestioned. He is popular as a tempter, who entices to evil. His emotive nature, profane mentality

and his prompt behaviour towards creatures are inordinate. He involves all in transient pleasures, eliminates them from virtuousness and is an impediment in attaining the ultimate goal or the summun bonum of life.

The word māra, derived from the root 'मृ' by adding the affix 'घञ्' primarily means killing, slaying, is applied to the whole of worldly existence. But, later on, it has been given a concrete form of a superhuman personality, a supereme god.

In Vedic literature, he has been regarded as an embodiment of desire (काम), the universal fetterer; the god of love; the evil slayer; the destroyer; the prototype of Śarvan. He is depicted as the god of death (मृत्यु) and the god of birth (ब्रह्मा) also.

वर्ण्य विषय : यह 'गीत-वीतराग' प्रबन्धगीत है। इसमें आदि तीर्थंकर ऋषभदेव के दश जन्मों का संक्षिप्त आख्यान, गीतों में निबद्ध किया गया है। ऋषभदेव के दश पूर्वभवों के सन्दर्भों को लेकर कवि ने सर्वत्र गीतों द्वारा सौन्दर्य, काव्यतत्त्व, गीतितत्त्व आदि का नियोजन कर चमत्कार उत्पन्न किया है। प्रबन्ध और गीतिकाव्य के मध्य जिस प्रकार का रागात्मक भाव अपेक्षित है, उसकी सुन्दर अभिव्यंजना की गयी है।

संगीत तत्त्व:

इस काव्य में विभिन्न राग और रागिनियों में ललित पदों की योजना विद्यमान है। गुर्जरीराग, देशीराग, वसन्तराग, रागक्रिया, माणव, गौडीराग, कन्नड़राग, आसावरीराग, देशबरालराग, गुन्डक्रियाराग, पंचमराग और सौराष्ट्रराग में गीत निबद्ध किये गये हैं। ताल में अष्टताल, यतिताल, तालत्रिउड, प्रतिमनृताल, एकताल, यति-यतिताल, आदि प्रमुख रूप से व्यवहृत हैं। इस प्रकार राग-ताल, योजना करके पंडिताचार्य ने इस प्रबन्ध को गेय बनाया है।

रागों की उत्पत्ति स्वरों के संयोग से होती है। स्वर समूहों का यथाविधि गान करना वर्ण है। वर्ण चार माने गये हैं—स्थायी, आरोही, अवरोही, और संचारी। इन चारों वर्णों के प्रयोग षड्ज, ऋषभ, गान्धार, मध्यम, पंचम, धैवत और निषाद स्वरों में होते हैं। इसके अतिरिक्त इस काव्य में रागांग, भाषांग, क्रियांग, और उपांग भी प्रयुक्त हैं। गुर्जरी राग में सभी जातियों का समावेश है। कवि की यह विशेषता है कि वह कवि होने के साथ संगीतज्ञ भी है। उसने ताल के दश प्राण—काल, मार्ग, क्रिया, अंग, ग्रह, जाति, कला, लय, यति और प्रस्तार का भी प्रयोग किया है। क्रिया के दोनों रूप व्यवहृत मिलते हैं—सशब्द और निःशब्द।

दक्षिणी या कर्नाटकी ताल पद्धति के पंचजाति भेदानुसार पैंतीस भेदों का और आठ ताल के पच्चीस भेदों का प्रयोगात्मक रूप भी इस गीति काव्य में समाहित है।

इस गीति काव्य के संगीत तत्त्व में गीतगोविन्द के संगीत तत्त्व से कई मौलिक विशेषताएँ पायी जाती हैं। ध्रुवपद और ध्रुपद की चारों वाणियों का रूप भी आया है। स्वस्थान, रूपकालाप, अलाप्तिगान, आविर्भाव, तिरोभाव, मुखचालन, आक्षिप्तिका आदि भी व्यवहृत हैं।

लोकगीत के तत्त्व: लोकगीतों के अन्तरा, संचारी, आभोग और आलाप भी इसमें समाहित हैं। रसौचित्य के अनुसार रागों की योजना कर कवि ने काव्य चमत्कार के साथ अपनी संगीतज्ञता का भी परिचय दिया है। वीतराग का प्रत्येक पद निश्चित राग में वाद्ययन्त्रों पर गाया जा सकता है। यथा—

"चन्दनलिप्तसुवर्णशरीरसुधौतवसनवरधीरम्,
मन्दरशिखरनिभामलमणियुतसन्नुतमुकुटमुदारम्।
कथमिह लप्स्ये दिविजवरं मानिनिमन्मथकेलिपरम्"।।

इस काव्य के यों तो सभी गीत-प्रबन्ध एक से एक बढ़कर सरस हैं, पर इसके बीसवें प्रबन्ध के चतुर्थ गीत में भक्ति, विरति और आत्मानुभूति की त्रिवेणी समवेत है। कवि ने भाव विभोर होकर इस समस्त गीत-प्रबंध की रचना की है। नृत्य प्रदर्शन में तल्लीन नीलांजना के अदृश्य होने पर नयी देवनर्तकी का उपस्थित होकर नृत्य करने लगना पंडिताचार्य को बहुत ही रुचिकर प्रतीत हुआ है। इसी कारण उन्होंने इस स्थल पर ऐसे गीत-बन्धों को उपस्थित किया है, जो एक साथ कई रागों में गाये जा सकते हैं। भिन्न राग के प्रयोग से भावनाओं का उपस्थितिकरण भी भिन्न रूप में ही होता है। श्रोता भक्ति, ज्ञान और संयम प्राप्त कर आराध्य के प्रति सम्बन्ध स्थापित करने के लिए प्रेरित हो जाता है।

9. समन्तभद्राचार्य के बृहत् स्वयम्भूस्तोत्र में अलंकार-योजना

नेमिचन्द्र जैन, खुरई (म०प्र०)

समन्तभद्र दार्शनिक होने के साथ प्रतिभावान् कवि हैं। विक्रम की द्वितीय शती में चित्र और श्लेष काव्य-परम्परा का सूत्रपात करना, संस्कृत काव्य के क्षेत्र में इनकी मौलिक देन है। समन्तभद्र की अलंकृत शैली से भारवि और माघ भी प्रभावित हैं। यही कारण है कि यमक, श्लेष और चित्रबन्ध का विकास इन कवियों ने किया है।

समन्तभद्र ने अपने बृहत्स्वयम्भूस्तोत्र में इतिवृत्तात्मक धार्मिक तत्त्वों का समावेश कर अलंकार-योजना को चरितार्थ किया है। उपमा, उत्प्रेक्षा, अर्थान्तरन्यास, व्यतिरेक, रूपक, अतिशयोक्ति, काव्यलिङ्ग, निदर्शना, उदाहरण प्रभृति समस्त प्रमुख अर्थालंकार इनके स्वयम्भू स्तोत्र में समाविष्ट हैं। उत्प्रेक्षा द्वारा आराध्य पद्मप्रभ का चित्रण करता हुआ कवि कहता है--

शरीररश्मिप्रसरः प्रभोस्ते बालार्करश्मिच्छविरालिलेप।
नरामराकीर्णसभां प्रभावच्छैलस्य पद्माभमणेः स्वसानुम्॥ २८॥

हे पद्मप्रभ! आप इन्द्रादि के स्वामी हैं। आपके प्रातः काल के बालसूर्य की किरणों के समान चमकने वाली लालरंग के शरीर की किरणों के विस्तार ने मणि के लाल पर्वत की ज्योति अपनी कटनी में फैल जाती है। इस तरह मनुष्य और देवों से भरी हुई बारह सभा को व्याप्त कर लिया अर्थात् बारह सभा में आपके शरीर की लाल ज्योति इस तरह फैल गई जैसे बालसूर्य किरणें जगत में फैल जाती हैं।

इस प्रकार पद्मप्रभ तीर्थंकर की रक्तवर्ण कान्ति द्वारा समवशरण सभा के व्याप्त किये जाने की उत्प्रेक्षा पद्मकान्त मणि के पर्वत की प्रभा से की गई है। कल्पना की रमणीयता ने उत्प्रेक्षा को कई गुना उद्दीप्त किया है।

उपमालंकार की योजना करते हुए आदि तीर्थंकर को अज्ञानान्धकार का विनाशक चन्द्रमा कहा है। उक्त उपमान होते हुए भी अर्थचमत्कार के कारण उपमान में नवीनता प्रतीत होती है, यथा--

स्वयम्भुवा भूतहितेन भूतले, समञ्जसज्ञानविभूतिचक्षुषा।
विराजितं येन विधुन्वता तमः क्षपाकरेणेव गुणोत्करैः करैः॥ १॥

जो अपने आप दूसरों के उपदेश बिना ही मोक्ष के मार्ग को समझकर और उसको पालनकर अनन्तज्ञान, अनन्तदर्शन, अनन्तसुख, अनन्तवीर्य इन चार अपूर्व गुणों के धारी परमात्मा हो गये हैं, जिन्होंने सर्व प्राणियों को हितकारी ऐसे मुक्ति के आनन्द की प्राप्ति का उपाय दिखलाया है तथा प्राप्त कराया है, जिनके सर्व पदार्थों के तत्त्व को यथार्थ जानने वाली परम अतिशय रूप केवलज्ञान दृष्टि प्रकाशमान है, जिसने चन्द्रमा की तरह स्वर्ग एवं मोक्ष की प्राप्ति के कारण रूप-गुणों के समूह से भरपूर रत्नत्रयमयी किरणों से ज्ञानावरणादि कर्मरूप अन्धकार को दूर कर दिया है अर्थात् चन्द्रमा के दूसरे प्राणियों के अज्ञानरूपी अंधेरे को नाशकर दिया है--वे आदि तीर्थंकर पृथ्वी में शोभायमान हैं।

यहाँ कवि ने चन्द्रमा की उपमा देकर अर्थचमत्कार का वैशिष्ट्य प्रदर्शित किया है।

कवि ने व्यतिरेक अलंकार की योजना करते हुए लिखा है--

न शीतलाश्चन्दनचन्द्ररश्मयो न गाङ्गमम्भो न च हारयष्टयः ।
यथा मुनेस्तेऽनघवाक्यरश्मयः शमांबुगर्भाः शिशिरा विपश्चिताम् ।।१०।१।।

कवि चन्दन, चन्द्रकिरण, गंगाजल, और मुक्ताओं की हारयष्टि की शीलता का निषेध कर शीतलनाथ तीर्थंकर के वचनों को शीतल सिद्ध करता है। प्रस्तुत सन्दर्भ में उपमेय में गुणाधिक्य का आरोप कर उपमान में न्यून गुणों का समावेश किया गया है।

इस प्रकार आचार्य समन्तभद्र की स्वयम्भूस्तोत्र गत अलंकार योजना अद्वितीय है।

10. गाथासत्तसई की सांस्कृतिक पृष्ठभूमि

प्रेमचन्द जैन, उदयपुर

गाथासत्तसई का विद्वानों ने विभिन्न दृष्टियों से अध्ययन किया है, किन्तु अभी तक ग्रन्थ में उपलब्ध सांस्कृतिक सामग्री का विवेचन नहीं हो सका है। प्रस्तुत निबन्ध में ग्रन्थ की सांस्कृतिक सामग्री का प्राचीन भारतीय कला एवं स्थापत्य के साथ तुलनात्मक अध्ययन किया गया है, जिससे कई नवीन तत्त्व प्राप्त होते हैं।

ईसा की प्रथम शताब्दी से गुप्तयुग तक की भारतीय चित्रकला के विकास को समझने में गाथासत्तसई में प्राप्त चित्रकला सम्बन्धी उल्लेख पर्याप्त सहायक हैं। नायक के प्रवास के दिनों में नायिका द्वारा भित्ति पर अंकित की जाने वाली रेखाएँ मात्र साहित्यिक अभिप्राय नहीं हैं। चित्रकला का लोकजीवन से घनिष्ट सम्बन्ध भी इससे ज्ञात होता है। भित्ति पर राम-लक्ष्मण के जीवन-चरित को चित्रित किया जाना (कुड्डलिहिआइं....रामणु-लग्गसोमित्तचरिआइं १।३५), आकर्षक चित्रित पुतले की स्थिरता (अलिहिअ भित्तिवाउल्लअं ३।१७), रंग और छाया संयोजन से रहित रेखाचित्रों की बनावट (वण्णककमरहिअस्स.... चित्तकम्मस्स ७।१२), चित्र में लिखित लड्डू का आकर्षण (७।४१), तथा चित्रफलक पर वर्तनी द्वारा आलेखन (आसावहीहिंहिअफलअम्मि ७।५६) आदि उल्लेख दूतवाक्यनाटक की चित्रकला सम्बन्धी इस उक्ति-"अहो अस्य वर्णाढ्यता, अहो भावोत्पन्नता, अहो युक्तलेखता" को प्रमाणित सिद्ध करते हैं।

मूर्तिकला की अनेक भंगिमाएँ गाथासत्तसई के वर्णनों से साम्य रखती हैं। अतिशय उन्नत स्तन एवं कृश मध्य भाग वाली नायिका के अनेक रूप भारतीय मूर्तिकला में उपलब्ध हैं, जिन्हें देख कर नायक की यह उक्ति "चिन्तेसि थणहर...असिअस्स मज्झस्स वि ण भंगं"(२।६०) स्मरण हो आती है इसके अतिरिक्त हाल ने गृहदेवता (२।९४), गणपति (४।७२), गणाधि-पति (५।३), वामनरूपहरि (५।६,५।११,५।२५), अर्धनारीश्वर (५।४८), त्रिनेत्रधारी शिव (५।५५) आदि देवमूर्तियों का भी उल्लेख किया है, जिनके स्वरूप भारतीय मूर्तिकला में आगे चल कर विकसित हुए हैं। नायिका के इस कथन से-"तुह पडिमापडिवाडिं बहइव्व सअलं दिसाअक्कं" (६।३०) स्पष्ट है कि व्यक्तिगत प्रतिमाएँ भी उस समय निर्मित होने लगी थीं।

गाथासत्तसई में देवमन्दिर (१।६४), अज्जाघर (२।७२), देउल, चत्वर, रथ्या-मुख (२।९०), वाउलिया (७।२६), आदि ग्रामीण स्थापत्य का ही उल्लेख है, किन्तु मन्दिर के साथ बने हुए पारावत इतने सजीव निर्मित थे कि उनसे कबूतरों की आवाज निकलने का भ्रम होता था। भारतीय स्थापत्य में पारावत के निर्माण की परम्परा बाण के समय तक पूर्ण विकसित हो चुकी थी।

ललित कलाओं में दो मुँह वाले मृदंग (३।५३), वीणा (६।६०), हाथी पर रख कर बजाये जाने वाले ढक्का (६।२६), तथा बध्यपटह (१।२९), आदि वादित्रों एवं रासलीला (२।१४), वाद्ययुक्त नृत्य (४।४), तन्मय नृत्य (४।६१) आदि नृत्यों का ग्रन्थ में उल्लेख है। भारतीय संगीत एवं नृत्य-कला की समृद्धि के अनुपात में ये उल्लेख नगण्य हैं। संभवतः मांसलता-प्रधान श्रृंगार-प्रमुखता के कारण ग्रन्थ में लोक वाद्य एवं लोक-संगीत का भी प्रवेश नहीं होने पाया है।

ग्रन्थ में उपर्युक्त सामग्री के अतिरिक्त कण्ठिका (१।७५), घंटमाल (२।७२), कणअडोरो (३।११), कणककुण्डल, तालवृन्तयुगं (४।९८), कर्णावतंस (५।३९), आदि आभूषणों, सिहिपुच्छलुलिअकेसे (१।५२), धम्मिल्ल (६।४४), चिकुरभार (६।७२), सीमन्त (७।८२), आदि केशविन्यासों तथा पाइडिं (३।३८), णवरंगअ (३।४१), नीलपट, पटांशुक (६।२०), कंचुक (६।४५), नीलकंचुक (७।२०), रक्तदुकूल (६।६९), आनन्दपट (५।२७), साउलि (७।५) आदि वस्त्रों का भी उल्लेख है, जिनके अध्ययन से तत्कालीन सांस्कृतिक जीवन का परिचय मिलता है।

गाथासत्तसई की इस सांस्कृतिक सामग्री के अध्ययन से ज्ञात होता है कि इस रचना की पृष्ठभूमि में भारतीय सांस्कृतिक विचारधारा का महत्त्वपूर्ण स्थान रहा है। इसे अकारण श्रृंगारिक नहीं बनाया गया अपितु जीवन की अश्लीलता के शोधन हेतु एवं नगर जीवन की कृत्रिमता के प्रति आकर्षण में कमी लाने के लिए ग्राम्यजीवन को आनन्दमय चित्रित किया गया है। भारतीय संस्कृति की सुरक्षा के इस श्रृंगारिक उपाय को आगे चल कर भारतीय कला ने भी अपनाया, जिसके नमूने खजुराहो आदि की मूर्तिकला के साथ देखे जा सकते हैं। ग्रन्थ की इस सांस्कृतिक सामग्री का दूसरा महत्त्व ग्रन्थ के संकलनकार एवं उसके समय आदि को निश्चित करने की दृष्टि से भी है, जिस पर निबन्ध में प्रकाश डाला गया है।

11. कवि श्रीधर और उनका वड्ढमाणचरिउ

डॉ० राजाराम जैन, आरा

उपलब्ध अपभ्रंश साहित्य के अध्ययन तथा शोध से प्रतीत होता है कि विबुध श्रीधर ने 'वड्ढमाणचरिउ' की रचना करके अपभ्रंश भाषा में भगवान् महावीर के चरित-प्रणयन की सर्वप्रथम प्रबन्ध-काव्य-परम्परा स्थापित की। इस क्षेत्र में जयमित्र हल्ल (अपरनाम हरिचन्द्र –१५वीं शती, बड्ढमाणकव्वु के प्रणेता); महाकवि रइधू (अपरनाम सिंहसेन–वि० सं०

१४४०–१५३०, सम्मइजिणचरिउ के कर्त्ता) तथा कवि नरसेन (१४, १५वीं सदी, वड्ढमाण-कहा के रचयिता) उक्त कवि के चिरऋणी हैं।

संस्कृत, प्राकृत एवं अपभ्रंश-साहित्य में श्रीधर नाम के निम्न लिखित कवि हुए हैं:—

१. वड्ढमाण चरिउ (अपभ्रंश) के कर्त्ता श्रीधर
२. पासणाहचरिउ (अपभ्रंश) के कर्त्ता श्रीधर
३. सुकुमालचरिउ (अपभ्रंश) के कर्त्ता श्रीधर
४. भविसयत्तकहा (अपभ्रंश) के कर्ता श्रीधर
५. भविष्यदत्त कथा (संस्कृत) के कर्ता श्रीधर
६. विश्वविलोचनकोष (संस्कृत) के कर्त्ता श्रीधर,
७. श्रुतावतार (संस्कृत) के कर्त्ता श्रीधर

विविध परीक्षणों से प्रथम एवं द्वितीय श्रीधर एक ही सिद्ध होते हैं तथा तृतीय श्रीधर के साथ उसकी एकरूपता विचारणीय है।

वड्ढमाणचरिउ की आद्यान्त्य प्रशस्तियों से यह निश्चित है कि कवि श्रीधर 'विबुध' उपाधि से विभूषित थे। उन्होंने अपने परिचय में अपने को 'असुरहर ग्राम' का निवासी (१०।४१।४); कवि गोल्ह का पुत्र (१।३।२); सिरहर मुणि (१।१७।१६), विबुध श्री सुकवि श्रीधर (समस्त पुष्पिकाओं में द्रष्टव्य), बुध श्रीधर (१०।४१ घत्ता) मात्र ही लिखा है। उनके जीवन वृत्तान्त सम्बन्धी अन्य कोई सूचना नहीं मिलती।

किन्तु कवि की दूसरी रचना 'पासणाहचरिउ' की प्रशस्ति से विदित होता है कि उनके पिता का नाम गोल्ह (१।२।६) तथा माता का नाम वील्हा (१।२।५) था। वह अग्रवाल जैन था (१।२।५) तथा हरियाणा देश का निवासी था (१।२।१६)। वह साहित्य साधना हेतु हरियाणा से यमुना पार करके ढिल्ली (१।२।१८) आया था, जहाँ के अग्रवाल कुल शिरोमणि सेठ तथा तोमरवंशी राजा अनंगपाल के विश्वस्त मन्त्री नट्टल साहू के आश्रय में रहकर 'पासणाहचरिउ' की रचना की थी (१।४)।


विबुध श्रीधर ने अपने 'पासणाहचरिउ' एवं 'वड्ढमाणचरिउ' में उनके परिसमाप्तिकाल के उल्लेख किए हैं। उनके अनुसार 'पासणाहचरिउ' की समाप्ति वि० सं० ११८९ के शिशिर मास अगहन कृष्णाष्टमी रविवार (१२।८।७-८) के दिन ढिल्ली (वर्तमान दिल्ली) में तथा 'वड्ढमाणचरिउ' की रचना समाप्ति वि० सं० ११९० की ज्येष्ठ वदी पंचमी सूरुवार (रविवार) के दिन (१०।४१।७-९) वोदाउर नामके नगर में (१०।४१।१) की थी।

उक्त 'पासणाहचरिउ' के पूर्व कवि श्रीधर की 'चन्दप्पहचरिउ' नाम की एक अन्य रचना हो चुकी थी (१।२।३)। 'वड्ढमाणचरिउ' में भी कवि ने अपनी पूर्वरचित 'चन्दप्पहचरिउ' एवं संतिजिणचरिउ' (१।२।६) नामक दो रचनाओं के उल्लेख किए हैं। इन उल्लेखों से कवि की रचनाओं का क्रम एवं उसकी साहित्य-साधना का अन्तिम चरण (वि० सं० ११९० ज्येष्ठ वदी पंचमी, रविवार) तो स्पष्ट हो जाता है किन्तु उसकी जन्म तिथि अथवा पूर्ण आयुष्य सम्बन्धी कोई सन्दर्भ अभी तक प्राप्त नहीं हो सका है।

'वड्ढमाणचरिउ' की कथावस्तु आचार्य गुणभद्र एवं अभिमान-मेरु पुष्पदन्त के अति-संक्षिप्त महावीर चरितों से प्रभावित होने पर भी कई दृष्टियों से विविध मौलिक विशेषताओं से ओतप्रोत है। उसकी भाषा-शैली प्रौढ़ एवं परवर्ती कवियों के लिए आदर्श रही है। कवि श्रीधर ने अपनी इस रचना को २५०० ग्रन्थ प्रमाण कहा है (१०।४१।१६)। इसमें कुल सन्धियां १० एवं कडवक संख्या (१७+२२+२८+२४+२३+१९+१७+१७+२३+४१=) २३१ है। विषय-विभाजन इस प्रकार है-

१. णंदिवद्धणणरिंद वइरायवण्णणं	२. मयवइ भवावली
३. बल-वासुएव उप्पत्ति	४. सेणा-णिवेस संविच्छरण
५. तिविट्ठ-विजय विजयलाहो	६. सीह समाहि
७. हरिसेणरायमुणि-सग्ग-गमणं	८. णंदणमुणि-पाणयकप्पे गमणं
९. वीरणाह-कल्लाण-चउक्कवण्णणं	१०. वीरणाहणिव्वाणगमणं

'वड्ढमाणचरिउ' की आद्यान्त्य प्रशस्तियों के उल्लेखों के अनुसार कवि ने इस ग्रन्थ का प्रणयन बोदाउर (भदावर) के जैसवाल कुलावतंस श्री नेमिचन्द्र के आश्रय में रहकर किया था। कवि ने उन नेमिचन्द्र की कुल परम्परा का उल्लेख इस प्रकार किया है:-



12. जैन दर्शन और गीता में समत्व योग

डा० सागरमल जैन, भोपाल

समत्व आत्म-स्वभाव: जहाँ भी जीवन है, चेतना है, चाहे वह कितनी ही प्रसुप्त क्यों न हो-वहां हमें समत्व की प्राप्ति के प्रयास परिलक्षित होते हैं। चैत्त जीवन का स्वभाव बाह्य एवं आंतरिक उत्तेजनाओं से चेतना में उत्पन्न विक्षोभ को समाप्त कर साम्यावस्था को बनाए रखना है। समत्व केन्द्र की ओर उन्मुख रहना, यह चेतना की स्वाभाविक प्रवृत्ति है। स्वभाव वह है जिसका निराकरण नहीं किया जाता है, विक्षोभों का निराकरण किया जाता है अतः वे आत्मा के स्वभाव नहीं होकर विभाव या विकार ही हैं। समत्व लाया नहीं जाता वरन् विक्षोभों के समाप्त होते स्वतः प्रकट हो जाता है। पुनः स्वभाव स्वतः और विभाव परतः होता है, 'समत्व' का कोई कारण नहीं बताया जा सकता है लेकिन विक्षोभ सदैव ही सकारण होते हैं अतः 'समत्व' ही चैत्त जीवन का स्वभाव सिद्ध होता है। जैन दर्शन एवं गीता में इसी स्वस्वभाव समत्व को हमारी आध्यात्मिक सत्ता का सार और जीवन का परमश्रेय माना गया है। जैनागम-व्याख्या प्रज्ञप्ति सूत्र में कहा गया है "आत्मा ही समत्व है और समत्व ही आत्मा का साध्य

है" (१:९) । गीता कहती है कि ब्रह्म 'सम' है (५:१९) ईश्वर, समत्व रूप से सभी प्राणियों में स्थित है (१३:२८) । जैनाचार्य कुन्दकुन्द ने तो आत्मा को 'समयसार' कहा है (समत्वं यस्य सारं तत्समयसारं) यह 'समत्व' क्या है ? यह स्पष्ट करते हुए प्रवचनसार में वे कहते हैं 'आत्मा की मोह और क्षोभ से रहित अवस्था ही 'समत्व' है (१:१७)।

विक्षोभ क्या और क्यों ?: सतत् शारीरिक एवं प्राणमय जीवन के अभ्यास से चेतन बाह्य उत्तेजनाओं एवं संवेदनाओं से प्रभावित होने की प्रवृत्ति विकसित कर लेता है । अन्य पदार्थों में रस लेने की इस प्रवृत्ति से अज्ञान के कारण उनके प्रति आसक्ति उत्पन्न होती है और उसी आसक्ति या राग से तृष्णा उत्पन्न होती है । गीता कहती है 'सतत् सानिध्य से काम (तृष्णा) उत्पन्न होता है और उससे क्रोधादि अन्य विक्षोभ उत्पन्न होते हैं जो कि अन्त में सर्वनाश की ओर ले जाते हैं' (२:६२-६३) । इसी तथ्य का संकेत उत्तराध्ययन सूत्र में राग-द्वेष को कर्म-बीज कहकर किया गया है । (३२:७-८)' वस्तुतः वैयक्तिक जीवन की विषमताएँ हैं–राग-द्वेष की वृत्ति वैचारिक आग्रह और अधिकार की भावना (संग्रह वृत्ति) । यही वैयक्तिक जीवन की विषमताएँ सामाजिक जीवन में वर्ग-विद्वेष (जातिवाद), सम्प्रदायवाद और शोषण वृत्ति के रूप में कार्य करती है । हिंसा, वाद-विवाद और संघर्ष इसी का परिणाम है । इस प्रकार राग या आसक्ति एवं तद्जनित तृष्णा ही समस्त वैयक्तिक एवं सामाजिक तथा आध्यात्मिक एवं भौतिक तनावों एवं संघर्षों का मूल कारण है ।

जैन दर्शन में समत्व योग: जैन दर्शन की समग्र साधना का मूल सामायिक या समत्व योग है । जैनाचार्यों का स्पष्ट कथन है कि सामायिक ही एक मात्र मोक्ष का साधन है । सामायिक शब्द सम् उपसर्ग पूर्वक अय धातु से निष्पन्न होता है । अय धातु के तीन अर्थ हैं––प्रापण, ज्ञान और गमन । प्रापण शब्द प्राप्ति का, ज्ञान शब्द विवेक का, और गमन शब्द क्रिया का द्योतक है इस प्रकार इसमें समभाव की प्राप्ति रूप सम्यक् दर्शन तथा सम्यक् ज्ञान एवं सम्यक् चरित्र तीनों का समावेश है । वस्तुतः समत्व स्वभाव से युक्त चेतन अपने ज्ञान, भाव (चित्तवृत्ति) और संकल्प रूपी तीन पक्षों के द्वारा ही क्रमशः सम्यक् ज्ञान, सम्यक् दर्शन और सम्यक् चरित्र के रूप में स्व स्वरूप 'समत्व' की साधना में प्रवृत्त होता है । समत्व से युक्त होकर ही दर्शन ज्ञान और चरित्र मोक्ष मार्ग बनते हैं । आचार्य भद्रबाहु ने इसी आधार पर सम्यकत्व सामायिक, श्रुत सामायिक और चरित्र सामायिक ऐसे सामायिक के तीन भेद (आवश्यक निर्युक्ति ७९६) माने हैं जिन्हें हम चित्तवृति का समत्व, बुद्धि का समत्व और आचरण का समत्व कह सकते हैं । व्यावहारिक दृष्टि से चित्तवृत्ति का समत्व अनासक्ति या वीतरागता में, बुद्धि का समत्व अनाग्रह वा अनेकांत में और आचरण का समत्व अहिंसा एवं अपरिग्रह में निहित है । अनासक्ति (अनेकांत) अहिंसा और अपरिग्रह के सिद्धान्त ही जैन दर्शन में समत्व योग की साधना के चार आधार स्तम्भ हैं । वृत्ति में अनासक्ति, विचार में अनेकांत, वैयक्तिक जीवन में असंग्रह और सामाजिक जीवन में अहिंसा यही समत्व योग की साधना है । यही वीतराग जीवन दृष्टि है । जिसके निष्ठा सूत्र हैं १–सभी आत्माएँ समान हैं (व्याख्या प्रज्ञप्ति ७:८) और २–जीवन का नियम संघर्ष नहीं, वरन् परस्पर सहकार है (परस्परोपग्रहो जीवानाम् तत्वार्थ)। इसी समत्व योग की पावन गंगा में स्नानकर आत्मा राग-द्वेष रूपी कलुष से मुक्त हो जाती है (योगशास्त्र ४:५०)।

गीता में समत्व योग: गीता योगशास्त्र है । यद्यपि आचार्य शंकर ने उसे ज्ञानयोग का, रामानुज आदि भक्तिमार्गी आचार्यों ने उसे **भक्तियोग** का और तिलक ने उसे कर्मयोग का

ग्रंथ माना है किन्तु मेरी विनम्र सम्मति में गीता वस्तुतः समत्व योग का ग्रन्थ है । यद्यपि गीता में ज्ञानयोग, कर्मयोग और भक्तियोग का प्रतिपादन है; किन्तु जहाँ तक योग शब्द की व्याख्या का प्रश्न है सम्पूर्ण गीता में योग की दो ही व्याख्याएँ उपलब्ध हैं १–समत्वं योग उच्यते (२–४८) और २–योगः कर्मसु कौशलं (२–५०), किन्तु इसमें भी दूसरी व्याख्या स्पष्ट रूप से योग की निरपेक्ष व्याख्या नहीं है वह केवल इतना ही सूचित करती है कि कर्म के सन्दर्भ में कुशलता योग है । यह योग की कर्म-सापेक्ष व्याख्या है । योग की निरपेक्ष व्याख्या तो 'समत्वं योग उच्यते' में ही निहित है । ज्ञान, कर्म और भक्ति स्वतः योग नहीं बन जाते हैं वे समत्व से युक्त होकर ही 'योग' बनते हैं । सच्चा ज्ञानी समदर्शी होता है (५–१८), जो सिद्धि-असिद्धि में समभाव रखकर कर्म करता है उसे ही कर्म बांधता नहीं है (४–२२), सभी प्राणियों के प्रति समभाव रखने वाला ही मेरी परमभक्ति को प्राप्त होता है (१८–५४) आदि गीता के वचन स्पष्ट रूप से यह सिद्ध करते हैं कि जैन दर्शन के समान गीता में भी समत्व से युक्त होकर ही ज्ञान, भक्ति और कर्म अपनी यथार्थता को पाते हैं । समत्व ही वह 'सार' है जिससे ज्ञान ज्ञानयोग में, भक्ति भक्तियोग में और कम कर्मयोग में बदल जाते हैं । गीता के ज्ञानयोग, भक्तियोग और कर्मयोग स्वतः प्रमाणित नहीं होते हैं, उनकी प्रमाणिकता समत्व पर निर्भर है । वे निरपेक्ष नहीं, वरन् समत्व सापेक्ष हैं; जबकि समत्व अन्य किसी के लिये नहीं है, वह निरपेक्ष मूल्य है, स्वतः साध्य है । क्योंकि ब्रह्म 'सम' है । विष्णु पुराण के अनुसार भी समत्व-भाव ही विष्णु भगवान की आराधना है (समत्वमाराधनमच्युतस्य ३।७।२०) समत्वदर्शी ही परम योगी है (गीता ६।३२)। ज्ञान, भक्ति और कर्म तो समत्व योग की साधना के साधन हैं।

जैन दर्शन और गीता में समत्वयोग का अर्थः संक्षेप में जैन दर्शन और गीता दोनों में समत्व योग का अर्थ है चित्तवृत्ति का राग-द्वेष और आसक्ति से रहित होना, संयोग-वियोग शत्रु-मित्र और लाभ-अलाभ में मानसिक अनुद्विग्नता और सभी प्राणियों के प्रति आत्मवत् दृष्टि । समत्व योग का मूल केन्द्र आन्तरिक संतुलन है जो कि राग-द्वेष के प्रहाण के द्वारा द्वन्द्वातीत दशा में ले जाता है । अध्यात्मिक दृष्टि से समत्व योग का अर्थ आत्मा या चेतन का स्वकेन्द्रित होना है, वह आत्म रमण है । स्व स्वरूप में अवस्थिति तथा पर-परिणति या बहिर्मुखता का अभाव यही समत्व योग है । विभाव से स्वभाव की ओर तथा बहिरात्मा के त्याग के द्वारा अन्तरात्मा से परमात्मा की दिशा में बढ़ना यही समत्व योग की साधना है । उसकी उपलब्धि है, निर्विकार, निर्विचार, निर्वैयक्तिक चेतना; यही प्रपंच शून्यता है, यही निर्वाण है, इसे ही ब्रह्मभाव, ब्राह्मीस्थिति या वीतरागावस्था कहा जाता है ।

उपसंहारः–समत्व योग में चैत्तसिक समत्व ही प्रमुख तत्त्व है । उसकी वैयक्तिक साधना व्यक्ति को मानसिक शांति तो प्रदान कर सकती है किन्तु संघर्ष एवं शोषण रहित समाज व्यवस्था की संस्थापना के लिए आज उसकी सामूहिक साधना अपेक्षित है ।

13. सर्वार्थसिद्धि में प्रतिपादित ज्ञान-मीमांसा

सनमत कुमार जैन, वाराणसी

तत्त्वार्थ सूत्र पर संस्कृत भाषा में व्याकरण और दर्शन से युक्त सुललित पदावली में

आगमसिद्धान्त को ध्यान में रखते हुए जो सर्वप्रथम वृत्ति लिखी गयी थी वह 'सर्वार्थसिद्धि' के नाम से जानी जाती है। इसके रचयिता आचार्य पूज्यपाद हैं।

यद्यपि वृत्तिकार सूत्र की सीमा के अन्तर्गत ही विचरण करता है, तथापि यह उस वृत्तिकार की खूबी होती है कि वह अपने समय की प्रचलित तत्सम्बन्धी मान्यताओं की सम्यक् समीक्षा करता चले। इसी दृष्टि से 'सर्वार्थसिद्धि' में प्रतिपादित ज्ञान-मीमांसा का महत्त्व अनायास ही ज्ञात हो जाता है। 'सर्वार्थसिद्धि' में ज्ञान शब्द की व्युत्पत्ति कर्ता, करण और भाव साधन के माध्यम से की गयी है। इसके अतिरिक्त प्रत्यक्ष और परोक्ष के प्रतिपादन में 'अक्ष्' धातु का अर्थ आत्मा लिया गया है जबकि अन्य न्याय-वैशेषिक दर्शन 'अक्ष' का तात्पर्य इन्द्रिय से लेते हैं। प्रमाण के फल के सम्बन्ध में जहाँ एक ओर पूर्वाचार्यों की धारणा को स्थैर्य प्रदान किया गया है वहीं दूसरी ओर 'प्रीति' को प्रमाण का फल मानकर दार्शनिक जगत को एक नयी दृष्टि भी दी गयी है। इन्द्रिय के प्रतिपादन में व्युत्पत्ति की नवीनता के साथ ही साथ चक्षु इन्द्रिय का अप्राप्यकारित्व सयुक्तिक सिद्ध किया गया हैं। इसके अतिरिक्त तात्कालिक दर्शन-क्षेत्र में प्रचलित इन्द्रिय सन्निकर्ष प्रमाण, इन्द्रिय वृत्ति प्रमाण, तथा निर्विकल्पक-ज्ञान प्रमाण आदि तत्सम्बन्धी मान्यताओं की समीक्षा भी की गयी है।

प्रस्तुत संक्षिप्त निबन्ध में ज्ञान-मीमांसा के इन्हीं पहलुओं का विशद रूप से वर्णन किया गया है।

14. समयसार पर दो नवोपलब्ध संस्कृत टीकाएँ

डॉ० कस्तूरचन्द्र कासलीवाल, जयपुर

समयसार प्राकृत आचार्य कुन्दकुन्द की सर्वाधिक लोकप्रिय रचना है जो अपने रचना काल में ही समस्त अध्यात्मप्रेमियों के लिये प्रिय एवं श्रद्धास्पद बनी हुई है। आचार्य कुन्दकुन्द दिगम्बर जैन समाज के प्रथम आचार्य हैं जिनका सर्वप्रथम मंगल रूप में स्मरण किया जाता है। इनका समय कुछ विद्वान् ईसा की प्रथम शताब्दि पूर्व और कुछ प्रथम शताब्दि मानते हैं। समयसार का अर्थ आत्मा का सार है इसलिये आत्म-तत्त्व विवेचन के लिये अनुपम ग्रंथ माना जाता है। इसमें १३ अधिकार हैं किन्तु आचार्य अमृतचन्द्र की टीका के अनुसार इसमें १० अधिकार ही हैं। शेष तीन अधिकारों को उन्होंने स्वतन्त्र रूप से नहीं माना और अन्य अधिकारों के साथ उनका समावेश कर लिया गया है।

समयसार पर आचार्य अमृतचन्द्र की आत्मख्याति एवं समयसार कलशा, तथा आचार्य जयदेव की तात्पर्यवृत्ति टीका अत्यधिक प्रसिद्ध टीकाएँ हैं। इसी तरह प्रभाचन्द्र ने भी इस पर एक संस्कृत टीका लिखी थी जिसकी एक पांडुलिपि भट्टारकीय दि. जैन मंदिर अजमेर के शास्त्र भण्डार में उपलब्ध होती है। श्वेताम्बर आचार्यों ने भी समयसार पर टीकाएँ लिखकर इस कृति के महत्त्व को स्वीकार किया है।

लेकिन राजस्थान के जैन शास्त्र भण्डारों में समयसार पर अभी दो संस्कृत टीकाएँ और उपलब्ध हुई हैं जिनका परिचय यहाँ दिया जा रहा है—प्रथम टीका भट्टारक शुभचन्द्र की है

जो १६वीं शताब्दि के प्रकाण्ड एवं प्रतिभाशाली विद्वान् थे । वे भट्टारक सकलकीर्त्ति की शिष्य परम्परा में ५ वें भट्टारक थे । टीका का नाम अध्यात्मतरंगिणी है जिसे इन्होंने संवत् १५७३ वीं, आसोज सुदी पंचमी को समाप्त की थी । इसकी एक मात्र पाण्डुलिपि राजस्थान के प्राचीन नगर कामा के दीवान जी के मन्दिर के शास्त्र भण्डार में संगृहीत है । इस पाण्डुलिपि में १३० पत्र हैं और यह संवत् १७९५ पौष सुदी एकम, शनिवार की लिखी हुई है । यह बहुत ही सुन्दर एवं सारगर्भित है ।

दूसरी टीका भट्टारक देवेन्द्रकीर्त्ति की है जो आमेर (राजस्थान) की गादी के भट्टारक थे । इनकी यह टीका संवत् १७८८ में समाप्त हुई थी जिसका विद्वान् भट्टारक ने कृति के अन्त में स्पष्ट उल्लेख किया है । इस टीका की एक पाण्डुलिपि बूंदी के दि. जैन मन्दिर अभिनन्दन स्वामी के शास्त्र भण्डार में तथा दूसरी प्रति सवाईमाधोपुर के तेरहपंथी मन्दिर के शास्त्र भण्डार में उपलब्ध है । यह मूल पाण्डुलिपि है जिसके अन्त में निम्न प्रकार से लेख है–

"संवत् १७८८ भाद्रपदमासे शुक्लपक्षे चतुर्दशीतिथौ ईसरदानगरे श्रीअजीतसिंहजी-राज्यमवर्तमाने श्रीचन्द्रमयचैत्यालये श्रीमूलमेधे बलाकारगणे सरस्वतीगच्छे कुन्दकुन्दाचार्यान्वये भट्टारकजित् श्रीसुरेन्द्रकीर्त्तिस्तत्पट्टे भट्टारकजित् श्रीजगत्कीर्ति तत्पट्टस्थ भट्टारकश्रीदेवेन्द्रकीर्त्ति-स्तेनेयं समयसारटीका स्वर्गिकमनोहरवचनात् च पठनाय तत्त्वबोधिनी सुगमा निजबुद्धया पूर्वक टीकामवलोक्य विहिता ।

15. SOME MORE KANNADA WORDS IN DEŚĪ STOCK

DR. B. K. KHADABADI, DHARWAR

Hemacandra's Deśīnāmamālā occupies a distinct place in field of the Deśī element in Middle Indo-Aryan. Of the several intriguing problems connected with the Deśī words collected in this work, one of the sources of such words is of considerable importance. It has been an established fact that Kannada, an important member of the Dravidian family, with its favourable geographical, historic, linguistic and literary back-ground in early days, has served as one of the sources of several loan words listed in the Deśīnāmamālā and found in other repositories of Deśī vocables. Some work has been already done in this branch of study, initially by Dr. A. N. Upadhye and later by the author of the present paper.

After the publication of Dr. H. C. Bhayani's 'Studies in Hemachandra's Deśīnāmamālā', and being induced by some aspects of these Studies, the author of the present paper could pick up from the Deśī stock a few more words which appear to have been borrowed from Kannada. These words are: *Pusa*, *ubbaro*, *kurulo* and *khollo*. They are all discussed here with some observations.

16. SARASVATĪKAṆṬHĀBHARAṆA : PRAKRIT TEXT RESTORED

V. M. KULKARNI, BOMBAY

The Sarasvatīkaṇṭhābharaṇa of Bhoja is a voluminous work and quotes over 350 prakrit verses. The Prakrit text of some verses is, in some places, corrupt and, therefore, unintelligible. In the present paper twenty-five Prakrit verses are restored by tracing them to their sources or by referring to other works on Alaṁkāra, Grammar or Prosody wherever they are quoted.

17. EPITHETS OF LORD MAHĀVĪRA

DALSUKH MALVANIA, AHMEDABAD

Here in this paper I have collected some of the epithets given to Mahāvīra in Ācārāṅgasūtra, Sūtrakṛtāṅasūtra and other Jaina canonical works, have compared them with those found in Pali Piṭakas and have shown as to how those which were absent in Pali Piṭakas gradually evolved with the passage of time. On the basis of this comparison it is also established that Ācārāṅga Part I is most probably older than the relevant Pali portions.

18. MAHĀVĪRA AND THE RĀḌHA COUNTRY

DR. PANCHANAN MANDAL, SANTINIKETAN

In Jain Sūtras and in their commentaries, there are descriptions of the itinerary of Tīrthaṇkara Mahāvīra in Rāḍha country, which is now in West Bengal. Towards 1350 B. C. in this land a monotheistic cult had developed according to the Yoga-Tāntrik process. And it attracted many saints from outside. In sixth century B. C. Mahāvīra spent many years in Vajrabhūmi and Sumhabhūmi of Rāḍha, and here he attained his Kevala-Darśan. At that time this land was inaccessible, but the inhabitants were not uncivilised.

I have tried in this discourse to locate the particular spots of Rāḍhabhūmi which were made sacred by his presence. Here he lived for twelve years incognito, and towards the end of it, Mahāvīra attained his Kevala-Darśan at "Jaṇbhiagām". This "nagar" is the present Jaugrām, 30 K. M.

southeast of the Burdwan town. The river "Ujubāliā" is an offshoot of river Ajay, which is now called Bhallukā-Çampā. The old site of "Vairyāvarta Çaitya" is in the village of Baroāñ-Āsthāi near Jaugrām.

The Baroāñ-Āsthāi village is Vardhamāna-Asthikagrāma as it is given in Kalpa-Sūtra, and it has been discussed in details. Here in the temple of Yakṣha-Śūlapāṇi, Mahāvīra completed his Çāturmāsyā during the first rainy season, after his Kevala-Darśan.

Afterwards he passed the next three rainy seasons in Çampā and Pṛṣṭi-Çampā. These two villages are the present Burdwan town, and the village Çampāi-Nagarī, which is 23 K. M. west of it, situated on the northern bank of Dāmodar. The Burdwan region was once known as Çampā-Deśa. Still there are traces of it. This has also been deals in details.

Before and after his Kevala-Darśan, Mahāvīra was staying at Morāk-Sanniveśa. I have cited authentic evidences about the location of it, and in this connection, I have also discussed about the Gupta-Dynasty, the Gangāridesa, the Maurya settlment, the Maurya-empire and the Nanda-dynasty in Bengal.

In the temple of Yakṣha-Śūlapāṇi Mahāvīra had his ten dreams; first of which was the liberation from illusion by killing Tāḍ Piśaç. The seat of that Tāḍ Piśāç is modern town Tārakeśwar in the district of Hoogly, which was known as Sumhadeśa. This is now a wellknown pilgrimage of the Saivaites.

Before Mahāvīra more than one Tīrthaṇkara had come to Rāḍha to preach Jainism. Regarding this, many iconographical and inscriptional evidences have been given. And through out Rāḍhabhūmi are scattered numerous statues and relics of different Tīrthaṇkars. Evidences have also been adduced, that even now many Bengali Jaina Śrābak families are living in Rāḍha and Jhāṛkhaṇḍ.

The presiding deity of the present Burdwan town is Maṇgalā-devī and her symbol is Swastikā. And this Swastikā-Maṇgalā-devī was originally founded by the Jains. The relics of Jaina temple and monasteries are evident in Burdwan. Tīrthaṇkara Mahāvīra stayed in Swastika-Vardhamāna or Çampā-Vardhamāna and Pṛṣṭi-Çampā or modern village Çampāi-nagarī in Rāḍha-deśa, and preached his religion.

Later on, Jaina religion became a living cult of the people of Rāḍha through the successive propagation of Ārya Govardhana, Bhadrabāhu, Godās by spreading their different Gaṇa, Kula and Śākhā. And we get a clear evidence of this, through the traditional rituals and literature, as found in the worship of Dharma-thākur, Manasā-devī and other village deities, Thus an indelible mark of Jainism has been left in the customs and practices of the Bengali Society, which will be described hereafter.

19. ON THE DATE OF THE NĀYĀDHAMMAKAHĀO

B. V. Moharil, Nagpur

The Nāyādhammakahāo happens to be one of the Eleven Aṅgas of the Jainas. Like any other Aṅga, it has not come down to us in its original form. Its shape has undergone changes at different councils and at different times. The task of assigning the date to a work of distant antiquity is an entangled puzzle. Passage of time and lack of reliable record have made the task of fixing the date well-nigh impossible.

The Nāyā is not so dry as some critics claim, it is a rich reservoir of cultural treasure. We get many glimpses of the social life despite its dark religious tinge. It has, therefore, become possible to study the date of the Nāyā in the light of (1) language and style, (2) Social conditions and (3) other cultural material.

1. Language and Style:—We expect no interval of time between two works similar in language and style. But language is a deceptive weapon by which to determine date. Two identical works may belong to two different periods. Hence any efforts of find out points of similarity between the Nāyā and other works for the purpose of fixing time will not be fruitful and reliable.

2. Social conditions:—These conditions constitute a reliable record. The Nāyā refer to Devānuppiya, a common title, in the Maurya Epoch (300 B.C.—75 A.D.) Dr. Motichandra revealed anology between the palace in the nāyā and one in the Kuśāṇa and early Gupta peoriod. Further the Kuśāṇa sculptures like the Nāyā, are conspicuous by the omission of any comb. In a work which refers to oils (boiled a thousand times), perfumes, luxurious bedrooms, bathrooms etc., the non-availability of a comb can not be lightly brushed away. The maid servants of Dharini came from Greece. The condition of the Greeks deteriorated in about the first century was round about that time that they might have started working as servants. As claimed by H. Jacobi the Greek astronomy was introduced in India sometime in the third or fourth century A. D. the Nāyā, like another Jain Canon, is conspicuous by absence of any Greek astronomical reference. This would mean that the Nāyā was composed before the third century A. D. A term dealing with ghost shows that Chinese had developed contacts with India. According to Dr. Motichandra commercial contacts between India and China had been established by the beginning of the fourth century A. D. This means that the process of establishing contacts might have begun much earlier.

On the basis of this and such other records, it is assumed that the Nāyā might have been composed some time between the first century B. C. and second century A. D.

20. THE MEANING OF PĀLIDHVAJA—A REINTERPRETATION

DR. M. CHIDANANDA MURTHY, BANGALORE

Shri K. B. Pathak interpreted the term "Pālidhvaja" as a row of banners arranged in a particular way as described in Jinasena's (9th century A. D.) *Pūrvapurāṇa.* The text, when examined closely, does not warrant us to come to such a conclusion. A summary of the relevant four verses from *Pūrvapurāṇa* is as follows: "There were ten kinds of banners in each direction. Each banner had 108 *Pālikētanas.* 1080 banners in each direction; 4320 in all the four directions. Lord Jina (lit. 'the conqueror') had those banners as a symbol of his supremacy over the three worlds. The plural form *Pālikētanas* should be noted. *Pālikētana*, here, simply means a row of (subordinate) flags (Sans. Pāli=a row) attached to a main flag.

It is stated in inscriptions that Vinayāditya (7th Cent. A. D.) of the Badāmi Chalukyas won for himself, and for the first time, the *Pālidhvajas* by conquering the rulers of the *Uttarāpatha.* The *Pālidhvajas* were symbolic of his Emperorship. It is possible to guess that he brought back, as trophies, the banners of the defeated kings and held them along with his own banner which was, evidently, the main banner. The term *Pālidhvaja* was originally used in political situations. Vinayāditya conquered a few Kingdoms: Jina conquered the three worlds through his teachings. The way in which banners were arranged was peculiar to Jina.

Hence, the term *Pālikētana* or *Pālidhvaja* suggests a row of flags held along with the main flag; it does not suggest any particular arrangement of flags, as Pathak argued in one of his articles (Published in Indian Antiquary of 1885).

21. A NOTE ON SANSKRITISED FORMS OF PRĀKRIT IN RĀMA PĀṆIVĀDA

DR. D. S. NABAR, BOMBAY

Rāma Pāṇivāda has been considered to be one of the important authors in the history of Prākrit literature, especially belonging to the last period of Prākrit literature. Since he had before him many Sanskrit works on the basis of which he wrote, it was but natural to find the influence of those works on him. A close study of his Prākrit works reveals that he has Sanskrit forms in mind but he used them as the Prākrit forms, giving them the Prākrit touch. An attempt has been made here to study some such Sanskritised forms of Prākrit in Rāma Pāṇivāda.

22. SOME OBSOLETE WORDS AND PHRASES IN MṚCCHAKAṬIKA

Dr. R. P. Poddar, Vaishali

Mṛcchakaṭika contains a number of obsolete words and phrases such as वरण्डलम्बुक, कत्ता, कटकरण, गद्दही, पेदण्डा, गण्ड, त्रेता, नर्दित, साहीणमणिमअसारिआ etc. Commentators, editors and translators have explained most of these but in some cases the explanations fail to bring full conviction. The present article is an attempt at achieving precision with respect to the denotations of these words and phrases.

23. THE CONCEPT OF DUTY IN JAINISM AND KANTIAN ETHICS

Dr. B. B. Raynade, Ujjain

Knowledge which liberates from rebirth is not a gnosis. It is a 'correct act of attention'. Such knowledge cuts the roots of desire and therefore, of Life. Man is essentially a religious being. The actual life is being lived now and he needs self-realisation that he may know how to live it. Religion starts with the assumption of highest reality realisable by man. All knowledge rests upon experience. No valid distinction can be drawn between subjective and objective experience. Extension and moralisation of self-sentiment means the conduct becomes moralised. Moralisation is internal direction. Self-discipline is the cultivation of moral and spiritual power; the end of discipline is freedom, it begins with conversion and repentance and expiation—an effort of will in the direction of self-purification. It is training of the will, self-culture consists in a development of our spiritual nature. 'Perfect Man' implies that every character has an ideal character. Morality and Religion at their best and fullest are achieved by no particular 'motive'. The power of self-expression is a descriptive aspect of life itself. Self-expression is in harmony with Aristotle's conception of energy, the nature of reality. Pure spontaneity, however, rarely if ever happens, is true. Hard experiences (in Jainism and Kantian ethics) are but morality and religion in the making. Virtue consists in self-expansion and attainment of positive good. To be anything for another, one must be oneself—a mission nobly fulfilled by the Arhat in Jainism and Jivanmukta in the Gita. Life of reason, faith and conduct is identified with the life that is perfect. The ideal life is self-examined Life-inwardness is that in which I ought differs from I must—but is not sufficient. Complete integration of interests is essential in the final process of moral integration. Pure intellectualistic approach is inadequate and mischievous.

Kant overthrew the supremacy of intellectualism. Moral self-approbation is not complacency but the consciousness of having exercised our freedom—This is Jainism. This is Socrates and Kant—etc.

24. RELIGIOUS IDEAS AT THE BACKGROUND OF GĀTHĀ SAPTAŚATĪ OF HĀLA

K. C. Saha, Calcutta

In this Kosagrantha (Gāthāsaptaśatī) which is predominantly full of love verses, we come across a few verses which are actuated by the spirit of religious-cum-moral ideas. Though certain Gods and Goddesses, sacrifices, rites and rituals starting from the Vedic period are found mentioned in this collection, yet there are reasons to think that the total theme of the work has not been controlled by these. The love verses can be classified into several sections. In most cases the lover or the Nāyaka is a paramour, and the beloved is a Kulabadhū and the longing of the latter for the former has been the subject of many of the verses. In some cases the mediator between the lover and beloved is a Dūtī who communicates the lovelorn condition of the one to the other. It is needless to say that there is little scope for any religious idea or any moral dictation in matters like these. Yet there are verses in the Gāthāsaptaśatī which clearly point out to the should and should not, to the ideal state of love and also to the conduct of pure-hearted men and women. It is also interesting to note that chastity of the women has always been held in high esteem and the unchaste have always been rebuked.

The common life of the common people has been somewhat reflected in these poems and as it is expected that religion which in ancient India was so closely connected with our every day life, must be reflected here also, it is curious to observe that the subject matters of these verses have grown almost independent of all such religious creeds of notions. As a matter of fact there was almost a spontaneous growth of such love and desire in the common people and these have been beautifully represented in the couplets, yet there are verses which point out that there is no particular sectarianism in religious ideas.

25. THE HEROIC SENTIMENT AS REVEALED IN THE APABHRAMŚA VERSES IN THE PRAKRIT GRAMMAR OF HEMACANDRA

Smt. Sandhya Saha, Calcutta

In the present paper an attempt has been made to display the excellence of some heroic verses, we come across in Apabhraṃśa, quoted or

created by Hemacandra by way of illustration with reference to explaining the certain rules of Prakrit Grammar. These verses indicate the development of popular literature. These poets were the acknowledged masters in the art of simplifying and beautifying their style. Heroic sentiments are there. Women prefer heroes as their lovers. Women cannot bear that their lovers should come back defeated at the hands of their enemies in the battle-field. The verses are lyrical in spirit, principally dealing with love in union and love in separation. The sentiments of courage and heroism as expressed through these verses can be equally ranked and reckoned with those of the developed literature of the East and the West.

It is evident from the collection of the verses made by the grammarian that Prakrit and Apabhraṃśa literature had developed to the fullest extent and it is definitely conjectured that some major and minor works of literature might have been in existence, but unfortunately those might have been lost in course of time.

26. ĀJAḌA'S COMMENTARY ON THE GĀTHĀSAPTAŚATĪ OF HĀLA

DR. B. J. SANDESARA, BARODA

The paper gives a notice of this unpublished commentary on the famous anthology of Prakrit love-lyrics with the help of the only available fragmentary manuscript preserved in the Government collection at the Bhandarkar Institute, Poona. Ājaḍa appears to be a scholar from Gujarat. He was a son of Tribhuvanapāla, and is different from his name-sake Ājaḍa, son of Pārśvacandra, whose commentary on the *Sarasvatī-kaṇṭhābharaṇa* is also avilable in fragments. There is no definite evidence to fix up the date of either of the two commentators, but the MS of the commentary on the *Gāthāsaptaśatī*, looking to its script, appears to have been copied down some time in the 15th century. So the commentator must have lived before that.

27. रूपचन्द कवि का अध्यात्म सवैया–आलोचनात्मक अध्ययन

शांतिदेवी, आरा

प्रस्तुत निबंध में हिन्दी जैन कवि रूपचन्द के अप्रकाशित "अध्यात्म सवैया" का आलोचनात्मक अध्ययन किया गया है। कवि रूपचन्द आगरा के निवासी थे। ये महाकवि

बनारसीदास के समकालीन थे। इनकी परमार्थ दोहा शतक, परमार्थ-गीत, पदसंग्रह, गीतपरमार्थी, पंचमंगल, नेमिनाथरासो आदि रचनाएँ उपलब्ध हैं।

प्रस्तुत काव्य एक शतक है। इसके १०१ पद्यों में अध्यात्म संबंधी विषय का विशद विवेचन हुआ है। यद्यपि इसका प्रतिपादय जैन दर्शन है किन्तु इसे इतनी काव्यात्मकता के साथ प्रस्तुत किया गया है कि सम्पूर्ण काव्य रस का सागरसा प्रतीत होता है। शब्दसाधना और शब्दयोजना भी कवि की अनूठी है। भावों को तीव्र से तीव्रतर बनाने के लिए ऐसे शब्दों का चयन कवि ने किया है कि उन्हें पढ़ पाठक का हृदय स्पन्दित हुए नहीं रह सकता। इस काव्य में दोहा, सवैया एकतीसा, सवैया तेईसा, कक्ति, कुण्डलिया, छप्पय आदि विविध छन्दों में संगीत का प्रभाव इतनी प्रचुर मात्रा में विद्यमान है कि उससे अध्यातिमक रस बरसता है। कोमल पद रचना में नाद का विशेष सन्निवेश करके आनन्द को और भी आह्लादमय बनाने का प्रयास किया है।

काव्य का प्रारम्भ 'अनुभव' अर्थात् आत्मज्ञान की विवेचना से हुआ है। पश्चात् प्रथम परमगुरु वीतराग की वन्दना की गई है। इसी क्रम में अपने गुरु महामुनि के महात्म्य का वर्णन करते हुए कवि ने जैन मुनियों की आचार व्यवहार संबंधी विशेषताओं का प्रतिपादन किया है। कवि लिखता है—

प्रनम सुगुरु सोई पंच महाव्रत धार
पालै पंच समिति करन पंच कसे है।
आवसक क्रिया करै दुविध प्रकार विध
जाकै त्याग वसन अदोष भूम वसे है।।
सीस करै लोच तन मंजन कौ त्याग करै
ऊनौ एक बार हार बाढ़े कर गसे है।
दाँतवन त्याग अरू सुध वैराग सदा
सोई महामुनिचंद जाके कर्म नसे है।। ५।।

स्पष्ट है कि पंचमहाव्रत, पंचसमिति, पंचकषाय आवश्यक क्रिया आदि जैन दर्शन के सिद्धान्तों का जहाँ इसमे निर्देश हुआ है वहां वसन त्यागने, निर्दोष भूमि में निवास करने, लुँचन करने, स्नान तथा दातवन त्यागने और एक बार स्वल्पाहार करने जैसी जैन मुनियों की आचार सम्बन्धी बातों का भी निर्देश हुआ है। न केवल जैन आचारों का अपितु षड्द्रव्य, मोक्ष मिथ्यात्व, स्याद्वाद, आस्रव, कर्मबन्ध, केवली आदि विभिन्न दार्शनिक विचार बिन्दुओं पर भी काव्य के माध्यम से विचार किया गया है। केवली के संबंध में कवि ने लिखा है—

एकवट बीज माँहि बुंटो प्रतभास्यौ एक
एक बूंटा मांहि सो अनेक बीज लगे हैं।
अनेक मैं अनेक बूंटा बूंटा मैं अनेक बीज
ऐसे तो अनन्त ग्यान केवलि में जगे हैं।। २६।।

भाव यह है कि प्रस्तुत काव्य में दर्शन और काव्य का अद्भुत संयोग हुआ है।

29. उच्चारणाचार्य

डॉ० नेमिचन्द्र शास्त्री, आरा

उच्चारणाचार्य का निर्देश 'कसायपाहुड' की 'जयधवला' टीका में अनेक स्थानों पर आया है। जब पाणिनि की शिक्षा का प्रचार हो गया, और उच्चारण के सम्बन्ध में नये-नये नियम आविर्भूत हुये, तो समस्त आर्य भाषाओं के शुद्ध उच्चारण एवं उनके व्याख्यान की ओर सभी आर्य भाषाओं के आचार्यों का ध्यान आकृष्ट हुआ। जैनागम परम्परा के क्षेत्र में उच्चारणाचार्यों की यह परम्परा मौखिक रूप में चलती रही। गाथा सूत्रों की रचना करके उनके रचयिता आचार्य अपने सुयोग्य शिष्यों को उन सूत्रों के द्वारा सूचित अर्थ के उच्चारण करने की विधि और व्याख्यान करने की प्रक्रिया बतला देते थे, और वे लोग जिज्ञासु जनों को गुरु प्रतिपादित विधि से उन गाथा सूत्रों का उच्चारण और व्याख्यान किया करते थे। इस प्रकार से गाथा सूत्रों के उच्चारण का व्याख्यान करने वाले आचार्य उच्चारणाचार्य कहलाने लगे।

उच्चारणाचार्यों की इस जाति वाचक संज्ञा ने व्यक्ति वाचक संज्ञा का रूप लिया। यतिवृषभ आचार्य द्वारा रचित चूर्णि सूत्रों की विशेष उच्चारण विधि और व्याख्यान का प्रवर्तन करने वाले एक उच्चारणाचार्य का निर्देश 'जयधवला' में पाया जाता है। लिखा है-"संपहि मंदबुद्धिजणाणुग्गहट्ठमुच्चारणाइरिय मुहविणिग्गयमूलपयडिविवरणं भणिस्सामो"-अर्थात् मूल प्रकृति विभक्ति के विषय में आठ अनुयोग द्वार हैं। आचार्य यतिवृषभ ने सुगम होने के कारण आठ अर्थाधिकारों का विवरण नहीं किया, पर मन्द बुद्धि जनों के उपकार हेतु उच्चारणाचार्य ने इनका विवेचन किया है।

उच्चारणाचार्य और यतिवृषभ के मन्तव्यों में जहाँ-तहाँ अन्तर भी है। इस अन्तर का कारण नयविवक्षा है। यतिवृषभ ने द्रव्यार्थिकनय की अपेक्षा से और उच्चारणाचार्य ने पर्यार्थिकनय की अपेक्षा से अर्थ विवृति लिखी है। 'जयधवला' में उच्चारणाचार्य द्वारा प्रतिपादित मन्तव्यों का अवलोकन करने से यह स्पष्ट होता है कि उच्चारणाचार्य को सिद्धान्त विषय की पूर्ण जानकारी थी।

इनका समय यतिवृषभ के समकालीन है। यतः इन्होंने यतिवृषभ से अर्थ और उच्चारण विधि का अध्ययन किया था-"संपहि जइवसहाइरिय-सूइदाणं दोण्हमत्थाहियाराणमुच्चारणाइरियपरूविदमुच्चारणं वत्तइस्सामो" अर्थात् यतिवृषभ द्वारा सूचित अर्थ का उच्चारणाचार्य ने व्याख्यान किया है। इस उद्धरण से दो तथ्य निश्चित होते हैं। प्रथम यह है कि यतिवृषभ के पश्चात् उच्चारणाचार्य ने अपनी व्याख्या उपस्थित की है, दूसरा यह कि यतिवृषभ के चूर्णि सूत्रों के आधार पर उच्चारणाचार्य ने अपना व्याख्यान अंकित किया। अनेक प्रमाणों के आधार पर यतिवृषभ का समय ई० सन् की द्वितीय शती है। अतएव उच्चारणाचार्य का समय भी ई० सन् की द्वितीय शती का अन्तिम पाद अथवा तृतीय शती का प्रथम पाद सम्भव है।

30. मृच्छकटिक की प्राकृतों का तुलनात्मक अध्ययन

सत्यपाल श्रीवत्स शास्त्री, कथुआ (जम्मू)

मृच्छकटिक संस्कृत में विविध प्राकृतों के प्रयोग की दृष्टि से अद्भुत नाटक है। प्रतीत होता है कि नाटककार ने इसमें इतनी भाषाओं का प्रयोग या तो नाट्यशास्त्र के विषय में अपना पाण्डित्य प्रगट करने के लिए किया होगा या किसी बहुभाषा-भाषी नगर में बैठकर इसकी रचना करने के कारण वहाँ के बहुभाषा-भाषी समाज की भावना का सम्मान करने के लिए इसमें इतनी भाषाओं का प्रयोग किया होगा।

नाट्यशास्त्र के अनुसार नाटकों में इन भाषाओं का प्रयोग किया जाना चाहिए—मागधी, अवन्ती, शौरसेनी, प्राच्या, अर्धमागधी, बाह्लीका, तथा दाक्षिणात्या तथा इन विभाषाओं का प्रयोग भी उन्होंने शास्त्र सम्मत माना है–शाबरी, आभीरी, चाण्डाली तथा शकारी। उपर्युक्त सात भाषाओं में से प्रथम चार इस नाटक में प्रयुक्त की गई है एवं चाण्डाली तथा शकारी इन दो विभाषाओं के अतिरिक्त इस नाटक में ढक्की का भी प्रयोग किया गया है जो बाद में विकसित हुई प्रतीत होती है।

डॉ० पी० डी० गुणे शौरसेनी का प्रदेश मथुरा के आसपास तथा पञ्जाब के पूर्वी भाग को मानते हैं। इसे सूत्रधार, नटी, रदनिका, मदनिका, वसन्तसेना, इसकी माँ, चेटी, कर्णपूरक, चारुदत्त की पत्नी, शोधनक तथा श्रेष्ठी ये ग्यारह पात्र बोलते हैं। इसमें संस्कृत के त, थ को क्रमशः द, ध हो जाता है। जैसेः–पठति–पठदि, यथा–यधा।

मागधी का प्रदेश मगध जनपद था। इसका प्रयोग संवाहक, वसन्तसेना का चेट, स्थावरक, वर्धमानक तथा रोहसेन ये पाँच पात्र करते हैं। इसमें संस्कृत के 'स' को 'श' हो जाता है तथा 'र' के स्थान पर 'ल' हो जाता है। जैसे– सप्त–शत्त, राजा–लाजा।

विदूषक प्राच्या भाषा का प्रयोग करता है। डॉ० कीथ इसे शौरसेनी की पूर्वी बोली मानते हैं। इसमें 'श' तथा 'ष' को 'स' हो जाता है तथा शब्द के अन्तिम त, को द, ध हो जाते हैं। जैसेः– पुरुषः–पुरिसः, भवती-भोदि, इतः–इधः।

शकार शकारी का प्रयोग करता है। इस में भी तालव्य शकार की प्रधानता रहती है तथा इसमें अयथार्थ दोष तथा असङ्गत लोकोक्तियों की प्रधानता रहती है। इसमें भी 'र' के स्थान पर 'ल' हो जाता है, जैसे–पुरिसः (प्रा०) पुलिशः (श०); गेहम् (प्रा०) घलम् (श०)। अवन्ती-धूर्तों, आरक्षकों तथा जुआरियों आदि की भाषा मानी गई है। इसमें भी दन्त्य सकार की बहुलता पाई जाती है। इसमें 'अरे', जैसे सम्बोधन सूचक शब्दों की प्रधानता पाई जाती है। चन्दनक तथा वीरक इसका प्रयोग करते हैं।

चाण्डाली में श, ष, स के स्थान पर केवल तालव्य शकार का प्रयोग होता है। कहीं कहीं 'भ' के स्थान पर 'ह' तथा 'र' के स्थान पर 'ल' हो जाता है।

ढक्की विभाषा 'उ' प्रधान है। डॉ० पिशेल तथा श्री बलदेव उपाध्याय ने इसे पञ्जाब के पूर्वी भाग, ढक्क प्रदेश की भाषा माना है। जैसे– द्यूतकरः प्रपलायितः (सं.) जूदअरू पपलीणु (ढ० प्रा०)। इसका प्रयोग माथुर तथा द्यूतकार करते हैं।

इस नाटक में कुल श्लोक ३७७ हैं जिनमें ९९ प्राकृत भाषाओं में हैं। प्राकृतों में

संस्कृत के विपरीत केवल दो ही वचन रह जाते हैं । संस्कृत के हलन्त शब्द इनमें अजन्त हो जाते हैं । वैयाकरणों ने प्राकृतों का मूल संस्कृत को माना है—'प्रकृतिः संस्कृतं यत्र तस्य भावः प्राकृतम् ।' परन्तु वाक्पतिराज प्राकृत को सभी भाषायों की जननी मानते हैं । डॉ० पी० डी० गुणे प्राकृतों का विकास अपभ्रंश, शिलालेखों की बोलिओं, पालि तथा वैदिक भाषा के मिले-जुले रूप से मानते हैं । इस नाटक में प्रयुक्त प्राकृतों के अधिकांश शब्द हिन्दी के साथ साम्य रखते हैं । जैसे—तुम-तुम, जादी-जाति, मादा-माता, पिदा-पिता ।

इस प्रकार इस नाटक में प्राकृतों का अद्भूत समन्वय है जो नाटककार की रचना शैली तथा प्रकाण्ड पाण्डित्य का प्रतीक है ।

31. शासन देवी पद्मावती

प्रकाश सिंघई, सागर

भारतीय धर्मों में देवी-देवताओं की उपासना की जाती है । देवियों का स्थान महत्त्वपूर्ण है । कुछ देवियाँ, जैन, शैव, वैष्णव और बौद्ध धर्म में समानता रखती हैं उनमें पद्मावती एक हैं ।

पद्मावती को सर्प की देवी माना गया है । सर्पों के प्रकार तथा वर्णों का उल्लेख भी 'पद्मावती कल्प' में मिलता है । पद्मावती देवी ने पार्श्वनाथ भगवान् की कमठ के उपसर्ग से रक्षा की थी तथा जैन धर्म के प्रसार प्रचार करने के कारण इस देवी का नाम अधिक महत्त्वपूर्ण है ।

